दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-20 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 24 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## भारत-पाक बॉर्डर पर पुलिस जवानों की हत्याः पाकिस्तानी गैंगस्टर ने जारी किया वीडियो, गोली चलाते दिखा शूटर



चंडीगढ़ (ए.)। गुरदासपुर में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट दोरांगला सेक्टर में स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या हुई थी। वहीं अब पाकिस्तान स्थित एक गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक अज्ञात शूटर को नजदीक से एक पुलिसकर्मी पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है।

गैंगस्टर शहजाद भट्टी द्वारा पोस्ट किया गया अप्रमाणित वीडियो को खुद को तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान कहने वाले संगठन ने भी साझा किया, जिसने रविवार को हुई हत्याओं की जिम्मेदारी ली थी। पंजाब पुलिस ने इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

अप्रमाणित वीडियो में हथियार पकड़े शूटर को सहायक उपनिरीक्षक गुरनाम सिंह पर गोली चलाते हुए देखा जा सकता है।

एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड अशोक कुमार, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब दो किलोमीटर दूर अधियां में तैनात थे, उनके शव रविवार को चेकपोस्ट के अंदर पाए गए।

मुख्यमंत्री मान ने एक्स (सोशल मीडिया) पर पोस्ट में कहा, शहीद एएसआई गुरनाम सिंह और पीएचजी अशोक कुमार की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान को सलाम, जिन्होंने कर्तव्य की राह में अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देगी, जबकि एचडीएफसी बैंक अतिरिक्त एक-एक करोड़ रुपये की बीमा राशि प्रदान करेगा।



## पैसेंजर बस सेंट्रल नेपाल के धाडिंग जिले में त्रिशूली नदी में गिरी,19 लोगों की मौत

काठमांडू (ए.)। नेपाल के धाडिंग में त्रिशूली नदी के किनारे हुए बस एक्सीडेंट की जगह पर बचाव दल काम कर रहे हैं। लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, सोमवार सुबह पोखरा से काठमांडू जा रही एक पैसेंजर बस सेंट्रल नेपाल के धाडिंग जिले में त्रिशूली नदी में गिर गई, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई और 25 दूसरे घायल हो गए। नेपाल में चीनी एम्बेसी ने कन्फर्म किया कि एक्सीडेंट में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई, जबकि एक और चीनी नागरिक घायल हो गया और उसका अभी एक लोकल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। खबर है कि बस, जिसमें 45 लोग सवार थे, हाईवे से नदी में गिर गई, जिससे यह जानलेवा एक्सीडेंट हुआ।

## रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस सिमरिया में क्रैश, सात लोग थे सवार

रांची (ए.)। रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस चतरा जिले के सिमरिया क्षेत्र के पास क्रैश हो गई। विमान में सात लोग सवार थे। टेकऑफ के तुरंत बाद प्लेन का संपर्क रडार से टूट गया और उसने रांची एयरपोर्ट से कोई संपर्क नहीं किया।



रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस चतरा जिले के सिमरिया क्षेत्र के पास क्रैश हो गई। झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि विमान में सात लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। रांची एयरपोर्ट से टेकऑफ के तुरंत बाद यह चार्टर प्लेन रडार से गायब हो गया। यह जानकारी DGCA (नागरिक विमानन महानिदेशालय) के सूत्रों और रांची एयरपोर्ट के अधिकारियों ने दी। जानकारी के अनुसार यह एक मेडिकल फ्लाइट थी। उड़ान के दौरान विमान का संपर्क पहले अगले स्टेशन से स्थापित किया गया। इसके बाद नियंत्रण अगले स्टेशन को सौंपा गया।

संपर्क स्थापित होने के बाद अचानक विमान से संपर्क टूट गया। प्लेन ने रांची एयरपोर्ट से कोई संपर्क नहीं किया। इस मामले में राज्य सरकार को सूचित कर दिया गया है। रांची एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि सभी आवश्यक SOPs (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का पालन किया जा रहा है और खोज एवं निगरानी के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को बम से उड़ाने की मिली धमकी, खालिस्तानी संगठन के नाम से आया ईमेल, कमिश्नर को जांच के लिए लिखा पत्र




नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की राजधानी में उपद्रवी तत्वों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए अब दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) और विधानसभा सचिवालय को निशाना बनाया है. सोमवार सुबह दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के निजी और आधिकारिक ईमेल आईडी पर खालिस्तानी संगठन के नाम से धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए, जिसमें विधानसभा परिसर और अध्यक्ष को बम धमाके से उड़ाने की चेतावनी दी गई है. इस घटना के बाद सुरक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है. सोमवार शाम को इस मामले को जांच के लिए पुलिस कमिश्नर को पत्र भी लिखा है।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विनीत कुमार की ओर से दिल्ली पुलिस कमिश्नर को इस बाबत एक औपचारिक पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है. पत्र में खुलासा किया गया है कि सोमवार, 23 फरवरी 2026 को सुबह दो अलग-अलग ईमेल प्राप्त हुए. पहला ईमेल सुबह 08:57 बजे अध्यक्ष के निजी ईमेल पर आया, जबकि दूसरा ईमेल सुबह 09:08 बजे विधानसभा सचिवालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हुआ. इन ईमेल भेजने वालों ने खुद को 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' से जुड़ा बताया है. ईमेल में कुछ विशिष्ट नामों इंजीनियर गुरनाख सिंह, रुकन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवैर सिंह और खान राजाडा का उल्लेख किया गया है।

धमकी भरे पत्र की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पुलिस प्रशासन को इस मामले की गहराई से जांच करने और दोषियों को जल्द से जल्द ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और साइबर सेल ने इन ईमेल के आईपी एड्रेस को ट्रेस करना शुरू कर दिया है. शुरुआती जांच में यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है या किसी की शरारत, इस पर पुलिस अभी चुप्पी साधे हुए है।

धमकी मिलने के बाद सिविल लाइंस स्थित विधानसभा परिसर और अध्यक्ष के आवास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. सचिवालय आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की बारीकी से निगरानी की जा रही है. इस तरह के ईमेल का उद्देश्य राजधानी की शांति भंग करना और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों में भय पैदा करना है. फिलहाल, पुलिस उन ईमेल एड्रेस की कुंडली खंगाल रही है जिनसे ये संदेश भेजे गए थे।

## मिलावटी दूध का कहर, 48 घंटे के अंदर किडनी फेल होने से 4 की मौत, 12 अस्पताल में भर्ती, सभी की 65 से ज्यादा की उम्र



गोदावरी (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के राजमुंदरी इलाके से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पिछले 48 घंटों के अंदर अचानक किडनी से संबंधित बीमारी होने से 4 लोगों की मौत हो गई। 12 अन्य लोगों का कई अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित लोग 65 साल से ज्यादा उम्र के बताए जा रहे हैं।

इस मामले की जांच में बहुत ही चौंकाने देने वाली बात सामने आई है। जांच में पता चला है कि पीड़ित लोगों ने मिलावटी दूध का इस्तेमाल किया था। मिलावटी दूध पीन के बाद ही इन लोगों की तबीयत बिगड़ी और 4 की मौत हो गई। कई अस्पताल में भर्ती हैं।

जांच कर रहे अधिकारियों ने कोरुकोंडा मंडल के नरसापुरम गांव से एक दूध बेचने वाले को हिरासत में ले लिया है। जांच के दौरान अवैध रूप से चल रही उसकी डेयरी यूनिट को भी सीज कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उस खास वेंडर से दूध सप्लाई किए गए 105 परिवारों में से 75 परिवारों से सैंपल लिए गए हैं। संदिग्ध बीमारी का कारण पता लगाने के लिए टेस्टिंग की जा रही है।

## दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल और एयर फोर्स स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में बोर्ड परीक्षाओं के बीच लगातार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। सोमवार को सेना के 2 स्कूलों को ईमेल में धमकी दी गई है, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई। बताया जा रहा है कि धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड स्थित एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को सुबह धमकी वाला ईमेल भेजा गया था। इसकी सूचना सेना और पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई।

## नकली दवाओं की तीसरी फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में स्प्यूरियस दवाएं और मशीनरी जब्त

नई दिल्ली, (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में अवैध नशीली और नकली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच एएनटीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार के पटना के पास संचालित नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि यह इस नेटवर्क पर लगातार तीसरी बड़ी चोट है और इस एक्शन से अंतरराज्यीय नारकोटिक्स/साइकोट्रॉपिक गिरोह लगभग पूरी तरह ध्वस्त होने की कगार पर है।

डीसीपी के अनुसार एफआईआर संख्या 273/25, धारा 22 एनडीपीएस एक्ट, थाना क्राइम ब्रांच की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी अरुण से पूछताछ में बृजेश नामक व्यक्ति का खुलासा हुआ, जो नकली दवाएं और सिरप तैयार कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेच रहा था. इसके बाद इंस्पेक्टर नितेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने पटना पहुंचकर बृजेश को ट्रेस किया. स्थानीय ड्रग विभाग को साथ लेकर फैक्ट्री पर छापा मारा गया।



जांच में पाया गया कि यूनिट बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रही थी और वहां अनिवार्य मैन्युफैक्चरिंग व एनालिटिकल केमिस्ट भी मौजूद नहीं थे. मौके से भारी मात्रा में क्लावम-25 की 590 स्ट्रिप, 30 हजार से अधिक एम-मॉक्सी टैबलेट, 53 हजार से ज्यादा एम्बिसेट टैबलेट, 10 हजार विक्स एक्शन टैबलेट, 8-8 हजार ट्रिप्सिन और ओमेज कैप्सूल (एक्सपायर्ड), बिना लेबल का कोडीन सिरप समेत 20 से अधिक प्रकार की टैबलेट व सिरप बरामद किए गए. इसके अलावा इंडस्ट्रियल स्टिरर, ड्रम, खाली पेट बोतलें, कैप और पैकिंग-लेबलिंग सामग्री भी जब्त की गई।

डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि बड़ी मात्रा में एक्सपायर्ड दवाएं मिलने से आशंका है कि इन्हें दोबारा पैक कर बाजार में बेचा जा रहा था. अब तक इस पूरे ऑपरेशन में 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और 13 किलो से अधिक ट्रामाडोल पाउडर व 500 ग्राम से ज्यादा अल्प्राजोलम बरामद किया गया है. उन्होंने कहा कि जो लोग जनता की सेहत से खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी. एएनटीएफ आगे भी इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## अविमुक्तेश्वरानंद का बयान, पुलिस के गिरफ्तार करने पर विरोध नहीं...पूरा सहयोग करुंगा

वाराणसी (ए.)। यौन शोषण के आरोपों में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गिरफ्तारी की आशंका के बीच सोमवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है, तब वे इसका विरोध नहीं करते हुए, पुलिस को पूरा सहयोग करूंगा। उनका मानना है कि जनता सब देख रही है और सच्चाई समय के साथ सामने आ जाएगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोपों को झूठा बताकर कहा कि मीडिया के कैमरों और प्रयागराज में लगे सीसीटीवी में घटना रिकॉर्ड हो चुकी होगी।




## बंगाल की सियासी हवा में अब 'एम' हावी, टीएमसी चाहती है चुनाव में फिर हो ममता-मोदी!

**-34 साल लेफ्ट का राज के बाद अब 15 साल से बंगाल में तृणमूल सत्ता में है**

कोलकाता,(ए.)। बंगाल की सियासी हवा में अब 'एम' हावी हो गया है। एम यानी- महिला, मुस्लिम, मस्जिद, मंदिर, मटन, मछली, मनी पॉवर, मसल पॉवर, ममता और मोदी। बंगाल की राजनीति यहां के दो सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों- मोहन बागान या ईस्ट बंगाल की तरह दो ध्रुवों में बंटी है। पहले बंगाल की राजनीति कांग्रेस बनाम लेफ्ट थी, फिर 34 साल लेफ्ट का राज रहा। अब 15 साल से तृणमूल सत्ता में है और पिछले पांच साल से उसका सीधा मुकाबला बीजेपी से है।




मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वाममोर्चा के 34 साल का 'लाल किला' भेदकर सीएम बनीं ममता बनर्जी डेढ़ दशक की सत्ता के बाद भी आक्रामक शैली में नजर आ रही हैं। टीएमसी के लिए आज भी ममता का फेस, लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाएं और मुस्लिमों का एकजुट वोट, जीत का फॉर्मूला है। वहीं, बीजेपी पीएम मोदी के चेहरे, अनुशासित संगठन और 'डबल इंजन' के नारे के साथ मैदान में है। हालांकि सड़क पर मुकाबले के लिए उसे अभी भी ऐसे 'मुद्दे, मौके और स्थानीय बड़े चेहरे' की तलाश है, जो उसकी विधानसभा सीटें 77 से 148 तक पहुंचा सके। स्थानीय स्तर पर ममता के कद के नेता की कमी बड़ी चुनौती है। इस बीच, वाममोर्चा व कांग्रेस राज्य में अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष कर रहे हैं। एक बंगाली पत्रकार कहते हैं कि यहां जो सड़क जीत लेता है वह चुनाव जीत लेता है और फिलहाल सड़क पर ममता का रही राज है।

## बड़ा खुलासा : ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में रची जा रही खौफनाक साजिश, इन गेम्स से मासूम बच्चों का ब्रेनवॉश कर रहे आतंकी संगठन

जयपुर (आरएनएस)। डिजिटल दुनिया में अब मासूम बच्चे एक बेहद खतरनाक और अदृश्य खतरे का शिकार हो रहे हैं। राजस्थान साइबर सेल की एक ताजा और चौंकाने वाली रिपोर्ट ने अभिभावकों की नींद उड़ा दी है। इस रिपोर्ट के खुलासे के मुताबिक, कुख्यात आतंकी संगठन अब ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की आड़ में 11 से 17 साल के मासूम बच्चों को अपने नापाक जाल में फंसा रहे हैं। रोब्लॉक्स, माइनक्राफ्ट और डिस्कॉर्ड जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स पर बैठे ये डिजिटल शिकारी पहले बच्चों से दोस्ती गांठते हैं और फिर उन्हें धीरे-धीरे गलत रास्ते पर धकेल कर उनका ब्रेनवॉश करना शुरू कर देते हैं।

**तीन चरणों वाली खतरनाक 'फनल स्ट्रैटेजी' का जाल**

केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट में इस बात का पर्दाफाश हुआ है कि सैंडबॉक्स गेम्स, जहां खुली चैट और बहुत अधिक आजादी होती है, बच्चों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं। आतंकी संगठन बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाकर उन्हें एक सोची-समझी 'फनल स्ट्रैटेजी' के तहत फंसाते हैं। इस खतरनाक रणनीति के पहले चरण में गेमिंग चैट रूम के जरिए बच्चों से दोस्ती की जाती है। इसके बाद दूसरे चरण में उन्हें निजी चैट पर शिफ्ट करके छोटे-छोटे टास्क दिए जाते हैं। अंत में, तीसरे चरण के तहत गेम के बहाने बड़े मिशन देकर बच्चे को



पूरी तरह से अपने मानसिक नियंत्रण में ले लिया जाता है, जिससे उन्हें खुद भी समझ नहीं आता कि वे किस भयंकर दलदल में फंस चुके हैं।

**अभिभावकों को सतर्क रहने की पुलिस की चेतावनी**

इस गंभीर खतरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद होने के साथ-साथ अभिभावकों को भी आगाह कर रहा है। साइबर सेल के डीआईजी विकास कुमार ने स्पष्ट किया है कि माता-पिता को अब अपने बच्चों की मोबाइल स्क्रीन पर पैनी नजर रखने की सख्त जरूरत है। उन्हें यह देखना होगा कि बच्चा मोबाइल में क्या देख रहा है और किन-किन ऐप्स का इस्तेमाल कर रहा है। बच्चों की हर एक डिजिटल एक्टिविटी की बारीकी से मॉनिटरिंग करके ही उन्हें इस तरह के आपराधिक और आतंकी शिकंजे का शिकार होने से बचाया जा सकता है।

**बच्चों का भविष्य खतरे में: विधायक बालमुकुंद आचार्य**

इस पूरे मामले पर राजनीतिक और सामाजिक चिंताएं भी गहरी होने लगी हैं। बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य ने चिंता जताते हुए कहा है कि टीवी और इंटरनेट के इस बदलते दौर में बच्चे मारधाड़ वाले खेलों में ज्यादा रुचि लेने लगे हैं। इन गेम्स के माध्यम से बच्चों के किसी बड़े जाल में फंसने, संदिग्ध लेन-देन और यहां तक कि दुर्घटनाओं की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देना चाहिए, उस उम्र में इन डिजिटल वायरस के कारण उनकी मानसिकता विकृत हो रही है और उनका भविष्य गहरे संकट में पड़ रहा है।

**बचाव के लिए स्क्रीन टाइम कंट्रोल और मॉनिटरिंग है सबसे जरूरी**

बच्चे अक्सर घंटों अपने मोबाइल में गेम खेलते रहते हैं और माता-पिता से खुलकर कुछ साझा भी नहीं करते, जिससे परिवारों में चिंता काफी बढ़ गई है। एजेंसियों की रिपोर्ट में साफ तौर पर यह सुझाव दिया गया है कि बच्चों को इस दलदल में फंसने से रोकने के लिए सबसे कारगर उपाय उनका स्क्रीन टाइम कंट्रोल करना है। इसके साथ ही, गेमिंग ऐप्स की लगातार मॉनिटरिंग करना और बच्चों से दोस्ताना माहौल में नियमित बातचीत करते रहना बेहद जरूरी है, ताकि वे किसी भी तरह के डिजिटल धोखे का शिकार होने से बचे रहें।





# पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोगी पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लुप्तप्राय प्रजातियों के 5 गिद्धों को हलाली डेम जल क्षेत्र में किया मुक्त

## मध्यप्रदेश में उपग्रह टेलीमेट्री जैसे नवाचारों से निरंतर बढ़ रही गिद्ध संख्या

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डेम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के 5 गिद्ध को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोगी पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश जहां बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य है वहीं गिद्ध संरक्षण में भी देश में प्रथम है। मध्यप्रदेश में सभी प्रांतों से अधिक संख्या में गिद्ध पाए जाते हैं। इनमें प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। पारस्थितिकी तंत्र में इन पक्षियों का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को गिद्ध पक्षी संरक्षण के प्रयासों के लिए बधाई दी।इस अवसर पर बताया गया कि उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटरों से सुसज्जित पाँच दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में व्यवस्थित अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद मुक्त किया गया है। टैगिंग प्रक्रिया सभी संबंधित संस्थाओं एवं वन विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाइल्डलाइफ एसओएस के वन्यजीव पशु चिकित्सक की देख-रेख में हुई है। यह पहल मध्य भारत के विकसित होते 'गिद्ध परिदृश्य' को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जहाँ भारतीय गिद्ध सामान्यत: एक ही क्षेत्र में रहते हैं, वहीं सिनेरियस गिद्ध मध्य एशियाई फ्लाई-वे के अंतर्गत लंबी दूरी का प्रवास करते हैं, जो 30 से अधिक देशों तक



फैला विश्व का एक प्रमुख प्रवासी पक्षी गलियारा है।

### गिद्ध संरक्षण एवं पक्षी संरक्षण के प्रयास

पक्षी संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश के वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की गतिविधियों और निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है। टेलीमेट्री से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से गिद्धों के भू-दृश्य उपयोग, आवागमन पैटर्न और मानव-जनित दबावों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इससे प्रमुख पड़ाव स्थलों और भोजन क्षेत्रों की पहचान, संरक्षित एवं मानव-प्रधान क्षेत्रों में उनकी पारिस्थितिकी को समझने तथा बिजली के झटके, विषाक्तता और आवास क्षरण जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता मिल रही है। इस प्रक्रिया में संग्रहित वैज्ञानिक प्रमाण अधिक प्रभावी खतरा-निवारण रणनीतियाँ विकसित करने और सीमा-पार सहयोग सहित भू-दृश्य स्तर पर संरक्षण योजनाओं को सशक्त बनाने में सहायक होंगे। मध्यप्रदेश में उपग्रह टेलीमेट्री से गिद्ध संरक्षण की एकीकृत डेटा-आधारित एवं भू-दृश्य स्तरीय संरक्षण का पारस्थितिकी तंत्र विकसित हुआ है। इससे लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों का संरक्षण होगा और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के प्रहरी के रूप में उनकी भूमिका भी दीर्घकालिक रूप से सुनिश्चित होगी।भारतीय परंपरा में गिद्धों को शक्ति और सम्मान का प्रतीक माना गया है। रामायण में उल्लेख है कि जटायु ने रावण से माता सीता की रक्षा के प्रयास में आत्मोत्सर्ग कर दिया।

रामायण में ही उसके भाई सम्पाती की भी कथा है, जिसने अपने छोटे भाई जटायु को सूर्य की तपन से बचाते हुए बलिदान दे दिया था। पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्ध प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिद्ध पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, साथ ही बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मध्यप्रदेश लंबे समय से देश में गिद्धों की समृद्ध आबादी का केंद्र रहा है। प्रदेश में भारतीय गिद्ध (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर), सिनेरियस गिद्ध (ब्लैक वल्चर), मिस्र गिद्ध (व्हाइट स्कैवेंजर वल्चर) और हिमालयन ग्रिफॉन जैसी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हाल ही में वल्चर एस्टिमेशन-2026 के पहले दिन दक्षिण पन्ना वन प्रभाग में एक हजार से अधिक गिद्धों का अवलोकन किया गया, जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है।



*मुख्य सचिव अनुराग जैन से मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव मनोज गोविल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सौजन्य भेंट की।*

## छत्तीसगढ़ की युवती तीन लोगों पर लगाया दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप, केस दर्ज

भोपाल(ए)। छत्तीसगढ़ की 21 वर्षीय युवती भोपाल में तीन लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और एक महिला पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। युवती रविवार रात अपने मामा के साथ बागसेवनिया थाने पहुंची और प्रकरण दर्ज कराया।पुलिस ने युवती की शिकायत पर मुख्य आरोपी अमरीन, उसकी छोटी बहन आफरीन और उसके दोस्त चंदन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। युवती के साथ एक 32 वर्षीय महिला भी थाने पहुंची थी, उसने पुलिस को बताया कि चंदन ने दुष्कर्म करने के बाद उसका धर्म परिवर्तन कराया था। उसे बुर्का पहनवाया और नमाज भी पढ़वाई।युवती ने पुलिस को बताया कि वह ब्यूटीशियन का काम करती है। उसकी 31 दिसंबर 2024 को शाहपुरा स्थित एक होटल में दोस्त की बर्थडे पार्टी में एक युवती से मुलाकात हुई। बाद में दोनों साथ रहने लगीं। जनवरी 2025 में वे बागसेवनिया में रहने वाली अमरीन उर्फ माहिरा के पास शिफ्ट हो गईं। कुछ समय बाद पीड़िता को पता चला कि उसकी सहेली ने अमरीन के कहने पर धर्म परिवर्तन कर उसके भाई से शादी कर ली है।

## *एसी का तापमान 26 डिग्री सेट करने पर बिजली बिल में 30 फीसदी तक की कमी*

*भोपाल (निप्र)। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल चिंता का एक बड़ा कारण है। लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए। विभिन्न एजेंसियों के शोधों से साबित हुआ है कि एसी के तापमान को 26 डिग्री सेल्सियस पर सेट करने से बिजली के बिल को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता हैदरसअल कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है। जबकि 26 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 26 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें।*

*जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा।*


# जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

### कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित परियोजनाओं को समय - सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश




भोपाल (ए.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकीय विकास विभाग में बताया गया कि भोपाल के कुल 475 ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 465 योजनाएं स्वीकृत हैं जिसमें पीएचई की 386 नल - जल योजनाएं एवं 79 जल जीवन मिशन की स्वीकृत हैं जिसमें 252 पूर्ण हो चुकी है शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी प्रगतिरत योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) शत-प्रतिशत कवर करते हुए एवं योजनाओं में अनुबंधित फार्मों के द्वारा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर योजनाओं को पूर्ण कर ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करने के उद्देश्य जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित कर नलजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यपालन यंत्रियों, सहायक यंत्रियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत नलजल योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन योजनाओं में कार्य प्रगति पर है, उन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर शीघ्र ही क्रियाशील किया जाए, ताकि ग्रामीण नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# स्नूकर क्लब में दो साथियों ने छात्र को चाकुओं से गोदा



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 10वीं कक्षा के एक छात्र पर दो नाबालिग छात्रों ने पूल गेम खेलते समय चाकू और छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना 15 फरवरी की रात टीला जमालपुरा स्थित गणेश चौक के एक स्नूकर क्लब में हुई। सोमवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि आरोपियों ने 30 सेकंड में 27 बार चाकू और छुरी मारी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज में आरोपी फिल्मी अंदाज में अंदर घुसते और ताबड़तोड़ हमला करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल छात्र किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। हमले में उसकी एक कलाई पर 10 से अधिक गहरे कट लगे हैं, जबकि दूसरे हाथ की दो उंगलियां कट गई हैं। कंधे और पीठ पर भी गंभीर चोटों के निशान हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि घायल 16 वर्षीय छात्र गौतम नगर थाना क्षेत्र का निवासी है और रोजाना पूल खेलने क्लब आता था। कुछ दिन पहले उसका क्लब में ही 16-16 वर्षीय दो अन्य नाबालिगों से विवाद हो गया था।

# मप्र विधानसभा में लाड़ली बहना के नए रजिस्ट्रेशन को लेकर हंगामा, विपक्ष ने किया बहिर्गमन

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन सोमवार को सदन में लाड़ली बहना के नए रजिस्ट्रेशन को लेकर जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने सरकार पर स्पष्ट जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।मप्र विधानसभा में सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते हुए लाड़ली बहना योजना के नए पंजीयन को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने सवाल उठाया कि योजना के तहत पात्र नई बहनों का पंजीयन कब शुरू होगा, इस बारे में सरकार कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि मंत्री तो सही जवाब दे रहे हैं, लेकिन पहले यह बताया जाए कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी बहनों से क्या कह रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो महिलाएं 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेती हैं, उन्हें पात्रता के आधार पर अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए पंजीयन की कोई समय-सीमा अभी बताना संभव नहीं है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी नए पंजीयन की समय-सीमा तय करने की मांग की। मंत्री ने दोहराया कि फिलहाल इसकी कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंत्री ने सही जवाब दिया है। कांग्रेस के लोग कहते थे कि यह योजना सिर्फ चुनाव तक है, जबकि असलियत यह है कि ढाई साल बाद भी यह योजना जारी है। हमने घोषणा पत्र में कहा है कि 5 साल के अंदर 3000 रुपये देंगे तो हम उसका पालन करेंगे। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पूछा कि नए पंजीयन कब शुरू होंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे सब होगा। इसके बाद सिंघार ने कहा कि क्योंकि सरकार जवाब नहीं देना चाहती है, इसलिए कांग्रेस विधायक वॉकआउट करते हैं। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कांग्रेस विधायक सदन से बाहर निकल गए।



मेडिकल छात्रा की मौत का मामला सदन में उठा

कांग्रेस विधायक सेना महेश पटेल ने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में एमबीबीएस की एक छात्रा की संदिग्ध हालात में हुई मौत का मामला सदन में उठाया। इसके जवाब में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि छात्रा की मौत जहर के सेवन से हुई है। उसके शरीर पर किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि जांच में सामने आया है कि घटना के समय कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। छात्रा के मोबाइल की भी जांच की गई, जिसमें उसने लिखा था कि वह जो पढ़ाई कर रही थी, वह उसे समझ में नहीं आ रही थी। घटनास्थल से फिनायल की एक बोतल बरामद की गई, जिसे जब्त कर जांच के दायरे में लिया गया है। अब तक की जांच में यह मामला आत्महत्या का पाया गया है और हत्या के कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं।कांग्रेस विधायक सेना महेश पटेल ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि परिजनों को सूचना दिए बिना ही छात्रा का पोस्टमॉर्टम कराया गया। साथ ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आदिवासी समाज आंदोलन करेगा। इस पर राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना गलत है कि परिवार को सूचना नहीं दी गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर छात्रा के माता-पिता के हस्ताक्षर मौजूद हैं। मंत्री ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है, जिसमें डीएसपी, टीआई और सब-इंस्पेक्टर स्तर की तीन महिला अधिकारी शामिल हैं।

# जायका टीम ने किया एमपी ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइन एवं सब स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण



भोपाल (निप्र)। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) द्वारा मध्यप्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में संचालित जायका-2 वित्त पोषित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।जायका जापान की इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की।निरीक्षण के दौरान टीम ने सर्वप्रथम 132 केवी सब स्टेशन ढीमरखेड़ा तथा इसके लिए निर्मित 132 केवी पनागर-ढीमरखेड़ा ट्रांसमिशन लाइन का अवलोकन किया। इवैल्यूएटर सुश्री ताकाहाशी ने लोन स्वीकृति के समय प्रस्तुत प्रारंभिक योजना, परियोजना के क्रियान्वयन, स्थापित उपकरणों की गुणवत्ता, लागत एवं रखरखाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण उपरांत उन्होंने सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

### उपयोगिता जानने के लिए स्थानीय नागरिकों से भी की चर्चा

जायका द्वारा वित्त पोषित फंड से निर्मित सब स्टेशन की उपयोगिता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ-साथ जायका टीम ने स्थानीय महिलाओं को बुलाकर उनका प्रत्यक्ष फीडबैक भी लिया।महिलाओं ने बताया कि सब स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब उन्हें पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली मिल रही है, जिससे सिंचाई के लिए भी पर्याप्त विद्युत उपलब्ध हो रही है। इससे उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। जायका टीम ने एमपी ट्रांसको के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी )एवं स्वदेशी तकनीकी एवं उपकरणों से निर्मित स्काडा कंट्रोल सेंटर का भी अवलोकन किया और उसकी कार्य प्रणाली की प्रशंसा की निरीक्षण के दौरान एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता के.एम. सिंघल, अधीक्षण अभियंता आर.सी. शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान, शशि शेखर, रविराज पटेल, सहायक अभियंता जितेन्द्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे-सड़क सहित अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा होगी

### रेलवे-सड़क सहित अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा होगी
### मुख्य सचिव श्री जैन और समन्वयक सचिव भारत सरकार श्री गोविल ने ली बैठक
### भूमि अधिग्रहण आदि के मामले शीघ्र निपटाने के दिये निर्देश




भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में चल रहे रेलवे, सड़क सहित अन्य अधोसंरचना के बड़े प्रोजेक्ट की प्रतिमाह प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन और भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय में सचिव समन्वयक मनोज कुमार गोविल ने सोमवार को मंत्रालय में संयुक्त रूप से पी.एम मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में केंद्र के महत्वपूर्ण 11 प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा अनुसार परियोजनाओं का क्रियान्वयन करें और पी.एम गति शक्ति पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट से नियमित अवगत कराएं। मुख्य सचिव श्री जैन ने जबलपुर में प्रस्तावित 100 बिस्तरीय ई.एस.आई अस्पताल के लिए शीघ्र ही भूमि आवंटन के लिए आवेदन देने के श्रम विभाग को निर्देश दिए और कहा कि आवेदन प्राप्त होने के दो-तीन माह में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान इंदौर-बुधनी नई रेललाइन, रामगंज मंडी से भोपाल नई रेललाइन परियोजना, सतना-रीवा रेल्वेलाइन के दोहरी करण कार्य, इटारसी-नागपुर तीसरी रेल लाइन, रतलाम-महू-खंडवा अकोला गेज परिवर्तन कार्यों की गहन समीक्षा की गयी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भूमि अधिग्रहण के सभी प्रकरणों के निराकरण और उनमें पारित मुआवजा राशि के वितरण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच अनुमतियों आदि के लिए लगने वाले समय को न्यूनतम करने के भी निर्देश दिएं। समीक्षा बैठक में शाहगंज बायपास से बाड़ी सेक्शन के फोर-लाइन प्रोजेक्ट की डिजाइन की समीक्षा की गई तथा अब तक भूमि के अधिग्रहण और पारित मुआवजा राशि के वितरण की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान इंदौर वेस्टर्न सिक्स लाइन बायपास निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और धार कलेक्टर तथा उद्योग विभाग को लंबित भू-अधिग्रहण प्रकरणों को समन्वय कर निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मंडला जिले के चुटका परमाणु ऊर्जा, संयंत्र परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी विभिन्न प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व, वन, श्रम, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, लोक निर्माण, एन.एच.आई, एमपीआरडीसी, रेल्वे सहित इंदौर, सीहोर धार, देवास, जबलपुर और सतना जिला प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में मंडला जिले की चुटका परमाणु ऊर्जा सयंत्र के प्रस्तावित परियोजना की समीक्षा पृथक से की गई।

# भस्के ओव्हर ब्रिज पर लगाए गये, सीमेंटेड बैरीकेड, मार्ग डायवर्ट

## – ठेकेदार ब्लैकलिस्टेंड, दोषी अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज



जबलपुर, (ए.)। जबलपुर से भोपाल जाने वाले नेशनल हाईवे 45 पर शहपुरा बाईपास स्थित ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद प्रशासन ने एहतियातन इस मार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित और आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से नया ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और वैकल्पिक मार्गों से सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन द्वारा ओवरब्रिज के दोनों ओर हैवी सीमेंटेड बैरिकेड्स लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार का वाहन क्षतिग्रस्त हिस्से की ओर प्रवेश न भस्के ओव्हर ब्रिज पर लगाए गये, सीमेंटेड बैरीकेड, मार्ग डायवर्टकर सके। डायवर्जन प्वाइंट्स पर पर्याप्त संख्या में फ्लोरोसेंट दिशासूचक बोर्ड एवं सूचना फ्लेक्स लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके। डायवर्जन प्वाइंट तथा ओवरब्रिज के आसपास एनएचआई के यातायात वॉलंटियर्स एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारी मौके पर निगरानी रखे हुए हैं, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग.

जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले भारी वाहनों को अंधमुख बायपास और पाटन बायपास मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है। भोपाल से जबलपुर की ओर आने वाले भारी वाहनों को पाटन मार्ग की ओर मोड़ा गया है। हल्के वाहनों के लिए भी स्थानीय स्तर पर वैकल्पिक मार्ग सुझाए गए हैं। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास न करें।

### ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, जांच के आदेश..

घटना के बाद प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की घोषणा की है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। विभाग को कार्यवाही के लिये निर्देशित कर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार, ओवरब्रिज की संरचनात्मक स्थिति और निर्माण गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उज्जैन-जावरा क्षेत्र के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अभिनंदन किया

# प्रत्येक माह में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविरों का आयोजन

भिंड (ए.) । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक माह में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में ए.डी.आर. सेंटर भिण्ड में जिला चिकित्सालय भिण्ड के समन्वय से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मनोज कुमार तिवारी, सीनि. विशेष न्यायाधीशएवं सुश्री अनुभूति गुप्ता सचिव, जिला प्राधिकरण, भिण्ड, सम्माननीय न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लीवर, अस्थि परीक्षण, शुगर, बी.पी. आदि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया तथा उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीशगण अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं पक्षकारगण का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं समस्त उपस्थितजन से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं उन्हें किस प्रकार से अपने दैनिक दिनचर्या को रखना चाहिए एवं व्यायाम करना चाहिए।

# जिले की सभी शासकीय शालाओं की पानी की टंकियों की सफाई का कार्य पूर्ण

## सफाई की तारीख भी अंकित की गई



जबलपुर, (ए.)। स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिले में स्थित सभी शालाओं में पानी की टंकियों की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ज्ञात हो कि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में स्थित शालाओं की पेयजल टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मुताबिक शालाओं की पानी की टंकी की सफाई के बाद सफाई की तारीख भी अंकित कर दी गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों से इस आशय के प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिये गये हैं कि उनके क्षेत्र की सभी शालाओं में पानी की टंकियों की साफ सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। श्री सोनी ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को स्कूलों की पानी की टंकियों की नियमित साफ सफाई के निर्देश भी दिये गये हैं।

# अनादि पर्व 2026: निर्गुणी गायन और भजनों से भक्तिमय माहौल

उज्जैन (ए.)। विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत जारी अनादि पर्व में रविवार को त्रिवेणी संग्रहालय उज्जैन तथा विक्रम व्यापार मेला इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में युवा कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रमों ने दर्शकों को भक्ति और कला के रंगों से सराबोर कर दिया।

त्रिवेणी संग्रहालय में सीहोर से आए कलाकार हेमराज बामनिया ने अपने निर्गुणी गायन से संध्या को भक्तिमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति में आध्यात्मिक भाव और लोकधुनों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। वहीं शहर की प्रतिभाशाली कलाकार सुश्री कशिश सितलानी ने कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। इधर विक्रम व्यापार मेला मंच पर उज्जैन के पंकज पांचाल एवं समूह ने सारंगी वादन किया। इसके बाद कृष्णकांत चौधन ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे परिसर को भक्ति रस में डुबो दिया। अनादि पर्व के इन आयोजनों ने एक बार फिर सिद्ध किया कि उज्जैन की सांस्कृतिक परंपरा में युवा कलाकार पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे विक्रम उत्सव का वातावरण निरंतर उल्लासपूर्ण और आध्यात्मिक बना हुआ है।

# सिहोरा में हिंसा के बाद शांति सवालों के जवाब अभी बाकी

## – चर्चा : असल उपद्रवियों तक पहुंचे बिना स्थायी शांति संभव नहीं



जबलपुर, (ए.)। सिहोरा हिंसा की उस रात को बीते अब कई दिन हो चुके हैं। बाजार फिर से खुल गए हैं, सड़कों पर चहल-पहल लौट आई है और प्रशासन दावा कर रहा है कि हालात पूरी तरह सामान्य हैं। लेकिन सिहोरा की गलियों में एक खामोश बहस अब भी चल रही है आखिर उस रात क्या हुआ था, किसने किया और जवाबदेही किसकी तय होगी?

घटना के बाद पुलिस की सक्रियता और लगातार गश्त ने तत्काल स्थिति पर नियंत्रण तो पा लिया, लेकिन इसके साथ ही कई सवाल भी पीछे छोड़ दिए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों ने पत्थरबाजी की शुरुआत की, वे अब कहां हैं? जिन चेहरों ने पत्थरबाजी की आड़ में सिहोरा की गलियों में आतंक मचाया वे कैसे भीड़ में गुम हो गए? क्या वे पहचान से बाहर हैं या जांच की दिशा अभी अधूरी है?

### पुलिस कार्रवाई पर उठते प्रश्न

घटना के बाद बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई दोनों पक्षों की शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। फिर भी, कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल्दबाजी में की गई कार्रवाई में संतुलन की कमी रही। आरोप है की मस्जिद में जो नमाजी फंसे थे उपद्रव के दौरान बाहर नहीं आ पाए उन्हें पुलिस के थोक में मस्जिद से ही उठा लिया, जिसमे बुजर्गों से लेकर बोर्ड परीक्षाओं वाले बच्चे तक थे. वहीं जो मस्जिद लड़के मस्जिद के बाहर पथराव शुरु करने का हिस्सा थे, वो भाग निकले. वहीं जिन लोगों पथराव की आड़ में सिहोरा में आतंक मचाया, वो लापता हैं. पुलिस ने दूसरे पक्ष से भी अधूरी शिकायतें के आधार पर कार्यवाही कर दी.

## व्यापार समाचार

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर 20 प्रतिशत टूटने से सरकार को 1,100 करोड़ रुपये का नुकसान

नईदिल्ली,(ए.) । शेयर बाजार में आज (23 फरवरी) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। आईडीएफसी शेयर करीब 20 प्रतिशत टूटने के कारण सरकार को आज एक ही दिन में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। शेयर एनएसई पर करीब 10 प्रतिशत गिरावट के साथ खुला और बाद में 20 प्रतिशत तक लुढ़क गया। इस तेज गिरावट से लाखों निवेशकों और बड़े संस्थागत शेयरधारकों की संपत्ति में भी बड़ा नुकसान दर्ज किया गया।

शेयर में यह गिरावट बैंक द्वारा 590 करोड़ रुपये के कथित फ्रॉड की जानकारी सामने आने के बाद आई है। बैंक ने बताया कि चंडीगढ़ की एक शाखा में कुछ कर्मचारियों द्वारा अनधिकृत लेनदेन किया गया। खाते बंद करने की प्रक्रिया के दौरान रकम में गड़बड़ी सामने आई। बैंक ने चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट शुरू कर दिया है, ताकि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह संदिग्ध रकम बैंक के आगामी वित्त वर्ष के मुनाफे पर असर डाल सकती है। हालांकि, बैंक की कुल नेटवर्थ पर असर सीमित रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही हरियाणा सरकार ने बैंक को डिपॉजिट रखने की सूची से बाहर कर दिया है। इससे निजी बैंकों में सरकारी जमा को लेकर निगरानी बढ़ने की आशंका है, जिससे निवेशकों की चिंता और बढ़ गई है।

शेयर में आई इस बड़ी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में करीब 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई है। भारतीय जीवन बीमा निगम को अकेले लगभग 340 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अन्य बीमा कंपनियों और छोटे निवेशकों की दौलत पर भी असर पड़ा है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि शेयर का रुख फिलहाल कमजोर बना हुआ है और निवेशकों को आगे के फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए।

# सोने-चांदी की कीमतों में सुनामी! एक ही दिन में 13,000 की ऐतिहासिक तेजी



मुंबई,(ए.)। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर की कीमतों में आई भारी गिरावट के चलते आज भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखी गई. सोमवार को घरेलू बाजार (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर की ओर बढ़ते नजर आए.

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल वायदा सोने की कीमतों में 1.83 प्रतिशत की बढ़त देखी गई, जिससे यह 1,59,749 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया. इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान इसमें 2 प्रतिशत तक का उछाल दर्ज किया गया था. वहीं, चांदी ने और भी आक्रामक रुख दिखाया. चांदी का मार्च वायदा 5.10 प्रतिशत की छलांग लगाकर 2,65,836 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंचा. दिन के शुरुआती कारोबार में चांदी में 6 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई थी.

सोमवार को एमसीएक्स पर चांदी का मार्च वायदा 2,52,836 (शुक्रवार की क्लोजिंग) से बढ़कर 2,65,836 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया. यह सीधा 13,000 का भारी अंतर है. मोतीलाल ओसवाल के अनुसार, इंट्रा-डे में यह तेजी 6 प्रतिशत तक चली गई थी.

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि इस तेजी का सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को सार्थक समझौते के लिए दी गई 10 दिनों की समय सीमा समाप्त होने वाली है. हालांकि ईरान ने प्रतिबंधों को हटाने के बदले परमाणु कार्यक्रम पर रियायत देने के संकेत दिए हैं, लेकिन युद्ध की आशंका ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की ओर धकेल दिया है.

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ (शुल्कों) के एक बड़े हिस्से को रद्द करने के फैसले के बाद डॉलर इंडेक्स में गिरावट आई है. डॉलर कमजोर होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना सस्ता हो जाता है, जिससे इसकी मांग बढ़ जाती है.

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की वैश्विक आपूर्ति में भारी कमी देखी जा रही है. कॉमेक्स जैसे बड़े गोदामों से इन्वेंट्री में बड़ी गिरावट आई है, जबकि चीन के बाजार बंद होने से मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया है.

अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर चौथी तिमाही में गिरकर 1.4 प्रतिशत रह गई है, जो पिछली तिमाहियों (4.4 प्रतिशत और 3.8 प्रतिशत) के मुकाबले काफी कम है. आर्थिक सुस्ती के डर ने भी सोने की चमक बढ़ा दी है.

बाजार की नजर अब अमेरिका के फैक्ट्री ऑर्डर्स, उपभोक्ता विश्वास सूचकांक और प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों पर है. विशेषज्ञों का मानना है

कि जब तक भू-राजनीतिक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा. सोने के लिए 1,60,600 रुपये और चांदी के लिए 2,63,620 रुपये प्रमुख रेजिस्टेंस स्तर बने हुए हैं.

# बिटकॉइन में ऐतिहासिक महाक्रैश, 40 प्रतिशत से अधिक टूटा भाव, खरीदार बाजार से नदारद

नई दिल्ली,(ए.)। दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है. पिछले कुछ हफ्तों में बिटकॉइन की कीमतों में जो सुनामी आई है, उसने निवेशकों के अरबों डॉलर स्वाहा कर दिए हैं. ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बिटकॉइन अपने हालिया उच्चतम स्तर से 40% से अधिक गिर चुका है. लेकिन बाजार के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय कीमत की गिरावट नहीं, बल्कि खरीदारों की चुप्पी है.

ब्लूमबर्ग की एक ताजा रिपोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी बाजार की पोल खोल दी है. आमतौर पर जब भी बिटकॉइन की कीमतों में गिरावट आती है, तो निवेशक बाय द डिप की रणनीति अपनाते हैं और निचली कीमतों पर खरीदारी शुरू कर देते हैं. लेकिन इस बार स्थिति बिल्कुल उलट है. गिरावट के बावजूद खरीदार गायब हैं और बाजार में कोई बड़ा सपोर्ट नजर नहीं आ रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों का भरोसा डगमगा गया है, जिससे बाजार में वापसी की उम्मीदें धुंधली पड़ती जा रही हैं.निवेशकों की इस बेरुखी को आंकड़ों से भी समझा जा सकता है. पिछले तीन महीनों में अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ से लगभग 3.3 अरब डॉलर (करीब 30,000 करोड़ रुपये) की भारी निकासी हुई है. यह संकेत देता है कि संस्थागत निवेशक अब डिजिटल एसेट से अपना हाथ खींच रहे हैं.एकेडियन एसेट मैनेजमेंट के पोर्टफोलियो मैनेजर ओवेन लैमोंट के अनुसार, बिटकॉइन की पूरी चमक उसकी बढ़ती कीमतों और उसके इर्द-गिर्द बुनी गई कहानियों पर आधारित थी. अब जब कीमतें तेजी से गिर रही हैं, तो वह भरोसा टूट रहा है. बिटकॉइन का कोई आंतरिक मूल्य नहीं होने के कारण, यह पूरी तरह से नए खरीदारों के प्रवेश पर निर्भर करता है. वर्तमान में, खुदरा निवेशक भारी घाटे में हैं और नई एंट्री लेने से डर रहे हैं.

# भारत में नई 7-सीटर प्रीमियम एसयूवी टेरॉन लॉन्च



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में फॉक्सवैगन ने अपनी नई 7-सीटर प्रीमियम एसयूवी टेरॉन लॉन्च कर दी है। कंपनी ने इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है, जिसे 51,000 रुपये देकर रिजर्व किया जा सकता है। 46.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम कीमत पर उतारी गई यह एसयूवी फिलहाल सिर्फ फुली-लोडेड आर-लाइन वैरिएंट में उपलब्ध है।

लॉन्च के साथ ही टेरॉन अब भारत में ब्रांड की सबसे प्रीमियम एसयूवी बन गई है। टेरॉन में 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो ईए888 ईवोओ4 प्लेटफॉर्म पर आधारित है। यह इंजन 204 पीएस की पावर और 320 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। साथ में 7-स्पीड ड्यूल क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स और स्टैंडर्ड 4 मोशन ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम मिलता है। परफॉर्मेंस के मामले में यह सिर्फ 7.3 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है, जबकि इसकी टॉप स्पीड 224 किमी प्रति घंटे तक जाती है। केबिन पूरी तरह हाई-टेक और लग्जरी फीचर्स से लैस है। इसमें 15-इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25-इंच डिजिटल क्लस्टर, ,क्र हेड-अप डिस्प्ले, 12-वे पावर एडजस्टेबल वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, मसाज फंक्शन, पैनोरमिक ग्लास रूफ और 30-कलर एम्बिएंट लाइटिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो इसे बेहद आधुनिक अनुभव देते हैं। डिजाइन की बात करें तो एसयूवी में आर-लाइन स्पोर्टी लुक, आईक्यू लाइट एचडी मैट्रिक्स एलईडी हेडलैंप, 19-इंच कॉवेंट्री अलॉय व्हील्स और इल्यूमिनेटेड फ्रंट-रियर ब्रांड बैज दिए गए हैं। इसकी रोड प्रेजेंस इसे सेगमेंट में एक दमदार और प्रीमियम विकल्प के रूप में स्थापित करती है।

# टैरिफ राहत से शेयर बाजार ने की मजबूत शुरुआत

मुंबई (ए.)। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार ने मजबूत शुरुआत की। वैश्विक संकेतों से मिले सकारात्मक रुख और घरेलू बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के चलते बाजार में तेजी देखने को मिली। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के कुछ टैरिफ नियमों को खारिज किए जाने के फैसले ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। इस फैसले को वैश्विक व्यापार के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, जिसका असर भारतीय बाजार के सेंटीमेंट्स पर भी सकारात्मक पड़ा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ 82,906 पर खुला। बाजार खुलते ही इसमें तेजी और मजबूत हुई तथा यह 83,000 के स्तर को पार कर गया। सुबह 9:21 बजे सेंसेक्स 496.32 अंकों यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,311.03 पर कारोबार करता देखा गया। शुरुआती सत्र में खासतौर पर सरकारी बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा।

# रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय 5 पैसे की बढ़त के साथ ही 90.94 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 21 पैसे उछलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.73 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को बढ़ाकर 15 फीसदी करने की आशंकाओं के बीच डॉलर के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.76 पर खुला और फिर 90.73 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.94 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 97.47 पर रहा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## कमान शृंखला को लेकर प्रश्न

देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने लद्दाख क्षेत्र में 2020 में हुई घटनाओं के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं।पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की कथित रूप से अप्रकाशित किताब कैसे छपे रूप में और उसकी पीडीएफ कॉपियां आम लोगों तक पहुंच गईं, यह प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के लिए अहम मसला हो सकती है, लेकिन देशवासियों के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने 2020 में भारतीय सीमा के अंदर चीन की पैठ बनने और उसी क्रम में कैलाश रेंज में हुई घटना के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। चूंकि उससे सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आया है, तो कुछ दूसरे हलकों से जनरल नरावणे के कर्त्तव्य निर्वाह के रिकॉर्ड पर निशाने साधे गए हैं।


पूछा गया है कि जब मई- जून 2020 से चीनी सेना ने लद्दाख क्षेत्र में भारतीय इलाके में घुसपैठ की, तो उसे रोकने में भारतीय सेना क्यों नाकाम रही? उस दौरान खुद जनरल नरावणे के दिए कुछ बयानों का उद्धरण देते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने चीनी कार्रवाइयों की गंभीरता की या तो उपेक्षा की अथवा उन्होंने उससे देश को नावाकिफ रखा। उधर जनरल नरावणे की किताब से संकेत मिलता है कि सेना को 'टॉप' से बिना अनुमति के फायरिंग ना करने का निर्देश था। इसी बीच एक संकटपूर्ण मौका आया और तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने दिशा-निर्देश मांगा, तो राजनीतिक नेतृत्व ने पहले तो लेट-लतीफी की और फिर उन पर डाल दिया गया कि जो उचित लगे उसे वे करें।विशेषज्ञों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में युद्ध संबंधी टैक्टिकल, ऑपरेशनल, एवं स्ट्रेटेजिक निर्णय प्रक्रिया घालमेल का शिकार हो गई लगती है। चूंकि ये बात बहुचर्चित हुई है, तो भारत के 'दुश्मनों' ने भी उस पर गौर किया होगा। इसलिए असल सवाल ऐसी कमजोरियों को तुरंत दूर करने का है। जरूरी यह है कि इस पर समग्र चर्चा हो और जवाबदेही की शृंखला तय की जाए। इसके विपरीत किताब कैसे सार्वजनिक हो गई, जैसे मुद्दे को योजनाबद्ध ढंग से तरजीह दी जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकाशक के साथ-साथ पुस्तक लेखक भी इसमें सहयोगी बन गए हैं।

# भारत की खुशहाली और आर्थिक मजबूती का आधार : केंद्रीय उत्पाद शुल्क

**दिलीप कुमार पाठक**

भारत की आर्थिक प्रगति के पीछे उन हजारों हाथों का योगदान है, जो देश के राजस्व को मजबूत करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। इन्हीं प्रयासों को सम्मान देने और आम जनता को कर व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 24 फरवरी को देश में एक विशेष अवसर के रूप में इस दिन को मनाया जाता है। यह समय हमारे देश की वित्तीय व्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि इसी दिन साल 1944 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक कानून बनाया गया था। भले ही आज के दौर में टैक्स की प्रणालियां बदल गई हों और जीएसटी ने एक बड़ा स्थान ले लिया हो, लेकिन देश की तरक्की में उत्पाद शुल्क का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। एक आम नागरिक के मन में अक्सर यह सवाल आता है कि आखिर टैक्स चुकाने से उसे क्या मिलता है। इसका जवाब बहुत ही सरल और सुंदर है। जब देश की फैक्ट्रियों में सामान बनता है और उस पर सरकार को शुल्क मिलता है, तो वही पैसा घूमकर समाज के कल्याण के लिए वापस आता है। हमारे गाँव और शहरों को जोड़ने वाली पक्की सड़कें, अंधेरे को दूर करती बिजली की रोशनी, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज और देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के आधुनिक हथियार, यह सब उसी कर के पैसे से संभव हो पाता है जो एक जिम्मेदार उद्यमी और नागरिक द्वारा चुकाया जाता है। इस प्रकार, कर का भुगतान करना केवल एक कानूनी काम नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर राष्ट्र की सेवा करने जैसा है।

इसी संदर्भ में यह समझना भी जरूरी है कि एक मजबूत कर प्रणाली ही देश की आंतरिक सुरक्षा और बाहरी खतरों से निपटने की शक्ति प्रदान करती है। जब सरकार के पास पर्याप्त संसाधन होते हैं, तभी नई तकनीकों और आधुनिक बुनियादी ढांचे पर निवेश किया जा सकता है। यह राजस्व ही है जो आपदाओं के समय राहत कार्य चलाने और देश के करोड़ों गरीब परिवारों तक मुफ्त राशन और जरूरी सुविधाएं पहुँचाने में मदद करता है। बिना मजबूत वित्तीय आधार के कोई भी देश अपने नागरिकों के सपनों को पूरा नहीं कर सकता। इसलिए, उत्पाद शुल्क केवल एक सरकारी उगाही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का एक सशक्त माध्यम भी है, जो उद्योगों से कर लेकर समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान में खर्च किया जाता है। समय के साथ सरकारी कामकाज के तरीकों में भी बड़ा बदलाव आया है। आज का दौर डिजिटल क्रांति का है और अब टैक्स चुकाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने या लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं रह गई है। सरकार ने पूरी प्रक्रिया को इतना सरल और पारदर्शी बना दिया है कि कोई भी व्यापारी घर बैठे अपना हिसाब-किताब पूरा कर सकता है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है, बल्कि व्यापार करने में भी



आसानी हुई है। यह समय उन अधिकारियों और कर्मचारियों के परिश्रम को भी सलाम करने का है, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि देश का खजाना सुरक्षित रहे और कहीं भी राजस्व की चोरी न हो। इसके साथ ही, हमें यह भी समझना होगा कि कर के माध्यम से एकत्र किया गया धन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ईंधन की तरह काम करता है। जब हमारे उद्योग जगत में पारदर्शिता बढ़ती है, तो विदेशी निवेश भी भारत की ओर आकर्षित होता है। यह निवेश न केवल नई फैक्ट्रियां लगाता है, बल्कि देश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करता है। हमारी आर्थिक नीतियां तभी सफल हो सकती हैं जब राजस्व विभाग और करदाता के बीच विश्वास का एक मजबूत रिश्ता हो। यही विश्वास आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच पर और भी ऊंचा स्थान दिलाएगा।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों की ईमानदारी से होता है। जब हम ईमानदारी से टैक्स चुकाते हैं, तो हम भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हैं। यह अवसर हमें यही सीख देता है कि हमें अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाना चाहिए। कर की चोरी न केवल अपराध है, बल्कि यह देश के विकास की गति को रोकने जैसा है। एक पारदर्शी और मजबूत कर व्यवस्था ही एक स्वस्थ समाज और शक्तिशाली भारत की पहचान है। आज जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी संस्थाओं और व्यवस्थाओं की भूमिका और भी बढ़ जाती है। विकसित भारत का सपना तभी सच होगा जब हर व्यक्ति अपने हिस्से की जिम्मेदारी समझेगा। आइए, आज हम यह संकल्प लें कि हम कर चोरी जैसी बुराइयों को खत्म करने में सहयोग करेंगे और एक ईमानदार करदाता बनकर देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेंगे। हमारी छोटी सी ईमानदारी ही कल के समृद्ध भारत की सबसे बड़ी ताकत बनेगीद्य

## एआई तकनीक में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत

**- मनोज कुमार अग्रवाल**

राजधानी नई दिल्ली के में आयोजित पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का शनिवार को समापन हो गया, लेकिन इस सम्मेलन की सफलता ने भारत को ग्लोबल साउथ में अग्रणी नेतृत्वकारी देश के रूप में स्थापित कर दिया है। इस शिखर सम्मेलन में 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया जाना न केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि है, बल्कि यह भारत की उस सोच की वैश्विक स्वीकृति भी है, जो तकनीक को मानव कल्याण से जोड़कर देखती है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण औउखर सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को जिस व्यापक वैश्विक समर्थन मिला है, वह बताता है कि दुनिया तकनीकी प्रगति को केवल आर्थिक लाभ लाभ के नजरिए से नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर के संदर्भ में भी देखना चाहती है। 21 फ़रवरी को 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट समिट डिक्लेरेशन का समर्थन किया। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और यूरोपियन यूनियन शामिल हैं। इस डिक्लेरेशन में किए गए सारे कमिटमेंट स्वैच्छिक हैं, यानी ये उन देशों की इच्छा पर निर्भर है कि वे इसके मुताबिक़ कितना काम करते हैं।

इस डिक्लेरेशन में देशों ने इस समिट में सात चक्र में हुई चर्चाओं का संज्ञान लिया और कहा कि वे स्वीकार करते हैं कि दिल्ली में हुए एआई समिट से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के विकास में अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान भी किया जाएगा। आपको पता हो कि 88 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है। यह सिद्धांत केवल एक सांस्कृतिक वाक्यांश नहीं, बल्कि तकनीकी विकास के लिए एक नैतिक दिशा है। ऐसे समय में जब एआई को लेकर विश्व में प्रतिस्पर्धा, नियंत्रण और प्रभुत्व की राजनीति हावी है, भारत ने समावेशी और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण प्रस्तुत कर एक संतुलित विकल्प दिया है। समिट के दौरान एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर के संभावित निवेश का भरोसा जताया जाना भारत की आर्थिक क्षमता और नीति स्थिरता पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है।



भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के. संजय मूर्ति, नई दिल्ली में भारत मंडपम में 'पावर सेक्टर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए.

# समझौते की घोषणा किसी को पता नहीं

**हरिशंकर व्यास**

लाख टके का सवाल है आज अमेरिका के साथ जिस व्यापार संधि की बात है उसका असल कौन जानता है? क्या कैबिनेट में विचार हुआ? मंत्रियों के समूह, सचिवों के समूह में विचार हुआ? सवाल यह भी है कि अकेले अमेरिका के राष्ट्रपति ने समझौते की घोषणा क्यों की? क्यों फिर एक घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का आभार जताया, पुष्टि की? साझा घोषणा क्यों नहीं हुई? याद करें इसी तरह ट्रंप ने एकतरफा तरीके से 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उसके आधे घंटे के बाद भारत की ओर से एक मिनट से भी कम की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, जिसमें सीजफायर की पुष्टि की गई थी। इसी तरह ट्रंप ने ही ऐलान किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और यह भी ऐलान किया कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

सवाल है जब साझा बयान तैयार नहीं है, समझौते की बातचीत पूरी तरह से फाइनल नहीं हुई है और तत्काल कोई प्रावधान लागू नहीं हो रहा था तो सोमवार, दो फरवरी की देर रात को इसकी घोषणा की क्या जरुरत थी?

ध्यान रहे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगले चार पांच दिन में साझा बयान तैयार हो जाएगा और उसकी घोषणा हो जाएगी। इसके बाद एक हफ्ते में भारत पर लगा टैरिफ कम होगा और मार्च के मध्य में 'पहला ट्रांच' यानी समझौते के पहले हिस्से की घोषणा होगी। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होता कि जब साझा बयान तैयार हो जाए तभी एक साथ उसकी घोषणा होती? पीयूष गोयल ने कहा है कि साझा बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से हो सकता है। जब ऐसा ही होना है तब तो यह और भी अच्छी स्थिति थी कि इंतजार किया जाता और एक साथ समझौते की घोषणा होती!

लेकिन आनन फानन में दो फरवरी की रात को सवा नौ बजे के करीब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई है। उन्होंने लोगों को जुड़े रहने को भी कहा। इसके थोड़ी देर के बाद रात 10 बजे के करीब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लंबी पोस्ट लिख कर कहा कि भारत के साथ समझौता हो गया। इसके एक घंटे बाद रात 11 बज कर दो मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी पुष्टि की। ध्यान रहे सोमवार को दिन में राहुल गांधी संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का अंश लेकर संसद में पहुंचे थे और अपने भाषण में इसे उठाने का प्रयास किया था।

हालांकि उनको बोलने नहीं दिया गया लेकिन सबको पता चल गया कि 31 अगस्त 2020 की रात को क्या हुआ था। कैसे भारत के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना और सेना प्रमुख को उनके हाल पर छोड़ दिया था। उसी दिन रात में समझौते की खबर आई। लेकिन राहुल गांधी पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। वे अगले दिन किताब लेकर संसद में पहुंचे और यह भी कहा कि 'प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हैं'। राहुल ने कहा कि अमेरिका ने एपस्टीन फाइल्स की बहुत सी बातें अभी सार्वजनिक नहीं कीं। उनके मुताबिक एपस्टीन फाइल्स और अडानी के ऊपर मुकदमे की वजह से प्रधानमंत्री दबाव में हैं और इस वजह से समझौता हुआ है।

पता नहीं हकीकत क्या है लेकिन सरकार की हड़बड़ी और टाइमिंग पर निश्चित रूप से सवाल खड़े होते हैं। हड़बड़ी की बात इसलिए है क्योंकि समझौते की घोषणा के चार दिन बाद तक किसी को पता नहीं है कि इसमें क्या है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में भी बता दिया है कि समझौता हो गया है और इसमें किसानों, पशुपालकों सहित देश के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है।




मेष राशि : आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होंगे। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा।

वृष राशि : आज आपको इनकम में बढ़ोतरी के लिये किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिये आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फ़ोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी।

मिथुन राशि : आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति ठहरने से किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जिससे जल्द ही सबकुछ अच्छा हो जायेगा। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जायेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या के कारण थोड़ा आलस्य और थकान बना रहेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है, आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको नई सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दाम्पत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज किसी प्रकार की नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

धनु राशि : आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर नया काम शुरू करना चाहते है, तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीज़ों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए। संतान से आपको सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि : आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लम्बे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है।

मीन राशि :आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे हो जायेंगे। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से अनबन हो सकती है।

# पारदर्शिता से जवाबदेही की ओर: भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका

**संजीव चोपड़ा**

पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ-साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है।

शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है।

खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर-आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं।

एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी-आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल-सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके।

खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों ('अन्न चक्र') का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार-बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई-आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं।

वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट-पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है। इससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस-वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है। अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम-आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी।

लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है।

अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है।





## हाफिज सईद के संपर्क में था हैंडलर शब्बीर अहमद, आईएसआई कर रही थी फंडिंग; आतंकी मॉड्यूल केस में बड़ा खुलासा



दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आज सुबह एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान तमिलनाडु से 6 और पश्चिम बंगाल से 2 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुछ के बांग्लादेशी नागरिक होने की भी जानकारी सामने आई है। फिलहाल सभी संदिग्धों से गहन पूछताछ की जा रही है। उनके कब्जे से कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं, जिनकी तकनीकी जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इन संदिग्धों का कथित हैंडलर शब्बीर अहमद लोन उर्फ शब्बीर शाह, मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी के संपर्क में था।

स्पेशल सेल के अनुसार, बांग्लादेश में बैठा लश्कर का यह मॉड्यूल भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को भर्ती करने में जुटी है और इसके लिए फंडिंग भी कर रही है।

बताया जा रहा है कि शब्बीर अहमद लोन वर्ष 2007 से ही लश्कर प्रमुख हाफिज सईद और 26/11 हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल जकी-उर-रहमान लखवी के संपर्क में था। वर्ष 2007 में स्पेशल सेल द्वारा दिल्ली में उसकी गिरफ्तारी के दौरान भी इस तरह के संपर्कों के प्रमाण मिले थे।फिलहाल मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां अन्य संभावित कड़ियों की भी तलाश कर रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, एनकाउंटर में जैश से जुड़े दो आतंकी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज चटरू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बताया कि दोनों आतंकी 'ऑपरेशन त्राशी-I' के तहत पासेरकुट इलाके में मार गिराए गए। उनके कब्जे से दो एके-47 राइफल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य खुफिया स्रोतों से मिले विश्वसनीय इनपुट के आधार पर किश्तवाड़ में संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को चिन्हित कर उन्हें निष्क्रिय करना था।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि प्रारंभिक संपर्क के बाद काउंटर-इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा की टुकड़ियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर रविवार सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों से दोबारा मुठभेड़ की। सटीक रणनीति और समन्वित कार्रवाई के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण स्थापित कर दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित जेईएम संगठन से जुड़े थे। वे पहाड़ियों की तलहटी में स्थित एक कच्चे मकान में छिपे हुए थे। सुरक्षाबलों की तलाशी टीम के नजदीक पहुंचते ही आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उन्हें ढेर कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने चटरू के जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच लगभग आधा दर्जन मुठभेड़ें हुई थीं, जिनमें एक सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया था।

# आप सरकार मार्च में पेश करेगी लोक-हितैषी बजट : मुख्यमंत्री मान

अहमदाबाद/चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की कि पंजाब सरकार मार्च में अपना पांचवां लोक-हितैषी बजट पेश करेगी, जो पहले की तरह समाज के हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित होगा। पत्रकारों से बातचीत में भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार ने लगातार लोक-हितैषी और नागरिक-केंद्रित फैसले लिए हैं, जिन्होंने राज्य की दिशा बदल दी है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब सरकार मार्च महीने में अपना पांचवां बजट पेश करेगी और हम सभी की भलाई के उद्देश्य से लोक-हितैषी बजट पेश करने की अपनी परंपरा को जारी रखेंगे। हमारा एकमात्र उद्देश्य आम आदमी की भलाई सुनिश्चित करना है और हम इसे हासिल करने के लिए कठोर प्रयास कर रहे हैं। आने वाला बजट फिर से पंजाब के लोगों को बहुत अधिक लाभ प्रदान करेगा।

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लगातार कई सालों से भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट दिशाहीन और समाज के अमीर वर्गों की ओर झुकाव वाला रहा है। उन्होंने कहा, गुजरात में जहां वास्तव में कोई विपक्षी दल नहीं है, आम आदमी की तकलीफें बढ़ी हैं और लोग दुख झेल रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा वहां दोस्ताना मैच खेल रहे हैं और आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की कि जब प्रधानमंत्री देश को विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं तो उनके गृह राज्य के लोग मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, लोकतंत्र में विपक्षी दल की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल जनता का संकल्प पेश किया है, जहां वोट डेटा शरारत से बनाया जाता है और हर राज्य में चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आज गुजरात के लोग 'आप' को अपना



मुक्तिदाता देख रहे हैं। 'आप' के रूप में हर गुजराती परिवार की आंखों में उम्मीद है।

राज्यों के वित्तीय अधिकारों का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र ने ग्रामीण विकास फंड में पंजाब के जायज हिस्से को अलोकतांत्रिक तरीके से रोका है, यही कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में सरकार लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा होती है लेकिन आज विपक्षी दल की आवाज दबाने का रुझान बन गया है। जैसे एक गुलदस्ते की उसकी विविध फूलों के लिए प्रशंसा की जाती है, उसी तरह लोकतंत्र तब बढ़ता-फूलता है, जब हरेक आवाज सुनी जाती है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए फंड बांटते समय किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा, जहां भी 'आप' ने सरकार बनाई है, वहां करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल आम आदमी की भलाई के लिए समझदारी से किया गया है। दिल्ली के बाद पंजाब में 'आप' सरकार ने जनता की भलाई के लिए एक-एक रुपए का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया है।

महत्वपूर्ण सुधारों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ''ऐसे समय में जब केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय संपत्तियों को मामूली कीमतों पर कुछ रसूखदार दोस्तों को सौंपा जा रहा है, पंजाब ने एक निजी थर्मल प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है। हम मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए 881 आम आदमी क्लीनिक खोल चुके हैं और सरकारी अस्पताल लोगों को मानक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सुधारों के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य ने मुख्यमंत्री सेहत योजना शुरू की है, जो अपनी तरह की पहली ऐसी योजना है, जिसके तहत पंजाब में रहने वाले हर परिवार को 10 लाख तक का नकद रहित चिकित्सा इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा, ''पंजाब, ऐसी व्यापक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाला देश का पहला राज्य है। इससे लोगों पर वित्तीय बोझ काफी कम हुआ है और साथ ही मानक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस ऐतिहासिक कदम का उद्देश्य राज्य के सभी परिवारों को मानक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।''

शिक्षा क्षेत्र के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने के लिए पंजाब शिक्षा क्रांति शुरू की है। उन्होंने कहा, हम 118 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक उपकरणों से लैस लैब, खेल मैदानों के साथ शानदार स्कूलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा के साथ टकराव के बीच शंकराचार्य के खिलाफ पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज, पूछताछ होगी



प्रयागराज,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के साथ टकराव के बीच राज्य पुलिस ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा प्रयागराज के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो कोर्ट) विनोद कुमार चौरसिया के आदेश पर दर्ज किया है। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी की शिकायत पर शनिवार को शंकराचार्य और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था।

शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा झूंसी पुलिस थाने में लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पोक्सो कानून की धाराओं के तहत किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पोक्सो अधिनियम की धारा 5/6 समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा किया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 351(3), पोक्सो अधिनियम की धारा 5, 6, 3, 4(2), 16 और 17 शामिल है। बताया जा रहा है कि पुलिस सोमवार से शंकाराचार्य से पूछताछ कर सकती है।



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती पर आयोजित निर्मल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।*

## नमो भारत' से बदलेगी दिल्ली की रफ्तार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी का जताया आभार

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'नमो भारत' रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के उद्घाटन के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हार्दिक धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रविवार को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत की पहली 'नमो भारत' आरआरटीएस सेवा का उद्घाटन और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया जाना, दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल आधुनिकतम तकनीक पर आधारित है, बल्कि दिल्लीवासियों की यात्रा को तेज, सुरक्षित और अत्यंत आरामदायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नमो भारत कॉरिडोर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और दिल्ली को मिली यह सौगात हम सभी के लिए गर्व और आनंद का विषय है। यह अत्याधुनिक 'नमो भारत'




कॉरिडोर, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मेरठ तक फैला है, प्रतिदिन सैकड़ों हजारों यात्रियों को तेज और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे यात्रियों के लिए यात्रा समय में भारी कटौती होगी और प्रतिदिन आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुविधाजनक होगा। साथ ही, सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या कम होने के कारण ट्रैफिक जाम में कटौती होने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परिवहन क्षेत्र को लेकर विजन स्पष्ट रूप से एकीकृत, आधुनिक और सतत विकास पर आधारित है। उनका लक्ष्य केवल सड़क, रेल, मेट्रो या हवाई सेवाओं का विस्तार भर नहीं, बल्कि मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के माध्यम से देश के हर क्षेत्र को तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन नेटवर्क से जोड़ना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, सेमी-हाई स्पीड रेल, वंदे भारत ट्रेनें, मेट्रो विस्तार, अंतर्देशीय जलमार्ग और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट्स पर तेज गति से काम हुआ है। उनका दृष्टिकोण 'समय की बचत, ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी' के सिद्धांत पर आधारित है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और आम नागरिक को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त हो। यह विजन विकसित भारत के निर्माण में परिवहन अवसंरचना को मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित करता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव और आवागमन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का दिल्ली के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन, 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस; महीनों से कोमा में थे



कोलकाता (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन हो गया है। रात करीब 2.35 के आसपास निधन हुआ है। मुकुल राय 72 साल के थे। वे लंबे समय से कोलकाता के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती थे। मुकुल रॉय पिछले कुछ महीनों से कोमा में थे। डॉक्टरों ने बताया कि अनुभवी टीएमसी नेता की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है।पिछले कुछ सालों में स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण मुकुल रॉय सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। डॉक्टरों ने 2023 की शुरुआत में पुष्टि की थी कि वे डिमेंशिया और पार्किंसंस बीमारी से जूझ रहे थे। इसके चलते उनके भूलने और शारीरिक क्षमताएं काफी हद तक प्रभावित हुई थीं। TMC में वे लंबे समय तक ममता बनर्जी के बाद नंबर-2 माने जाते थे। उन्हें पार्टी का क्राइसिस मैनेजर और रणनीतिकार कहा जाता था। वे चुनावी रणनीति बनाने, संकटों से निपटने और पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते थे।2010 के दशक में TMC के साथ उनके रिश्ते बिगड़ गए। खासकर शारदा चिटफंड घोटाले जैसे मुद्दों के बाद वह टीएमसी से दूर हो गए। फरवरी 2015 में पार्टी ने उन्हें नेशनल जनरल सेक्रेटरी पद से हटा दिया। सितंबर 2017 में उन्होंने TMC से इस्तीफा दे दिया और नवंबर 2017 में भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल हो गए। हालांकि, जून 2021 में वे फिर TMC में फिर लौट आए थे।पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'बंगाल के चाणक्य' कहे जाने वाले मुकुल रॉय के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। उनके जाने से TMC और बंगाल की राजनीति में एक युग का अंत माना जा रहा है।पूर्व रेल मंत्री और टीएमसी नेता मुकुल रॉय के निधन पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, 'वह एक अनुभवी राजनीतिज्ञ थे। केंद्रीय मंत्री भी रहे। भाजपा में आने पर उन्हें बहुत सम्मान दिया गया। 2019 से 2021 तक वह हमारे साथ रहे।

# आप भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से चार कदम आगे : नायब सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जनता से जो वायदें किए थे वह 4 साल बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लुधियाना स्थित छट पूजा मैदान में आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों ने भव्य अभिनन्दन किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर पूर्वांचल सम्मान रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना एक प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी है और इस मेहनतकश धरती को मैं शीश नवा कर नमन करता हूं। पंजाब गुरुओं की, पीरों की और वीरों की भूमि है। लुधियाना की इस ऐतिहासिक धरती पर, जिसे पंजाब की औद्योगिक राजधानी और भारत का 'मैनचेस्टर' भी कहा जाता हैं, मुझे आमंत्रित करने के लिए आप सब का वंदन करता हूं। यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवर्तन का संदेश है। पंजाब भारत की आत्मा है। यह सीमाओं का प्रहरी है, खेतों की खुशबू है, ढोल की थाप है, गुरूओं की वाणी है और शोर्य की पहचान है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कांग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों पार्टियां भ्रष्टाचार में लिप्त है। आम आदमी पार्टी तो भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनानी है। लोग कांग्रेस और आप को बाहर करने का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आम आदमी पार्टी ने चार साल में कुछ नहीं किया। लोगों से झूठ बोला, झूठे सब्जबाज दिखाए। एक भी वायदा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। इतना ही नहीं केजरीवाल व उसके नेता अपने आपको कटर ईमानदारी कहते थे उनका असली चेहरा सारे देश के सामने आया है। केजरीवाल के साथ-साथ उसके नेता जेल में रहे है, इस बात का प्रमाण है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया, जबकि



आम आदमी पार्टी ने इस पर अंकुश लगाने की बजाए, उसे बढाया है, चार कदम इनसे भी आगे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब और हरियाणा का आपस में रिश्ता है, इनकी एक ही छत है, संस्कार व संस्कृति भी एक ही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जनता के साथ जो वायदें किए गए थे उन्हें तेजी से पूरा करने का काम किया जा रहा है। बहनों की रसोई में 500 रूपए में गैस सिलेन्डर देने का काम किया गया है। किडनी के जो रोगी है उनकी हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों में निशुल्क डायलिसिस भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जहां पर शत प्रतिशत फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी दी जा रही है। लगभग 2 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया गया है। आयुष्मान/चिरायु योजना के माध्यम से 27 लाख परिवारों का निशूल्क ईलाज किया गया है और इस पर साढे चार हजार करोड़ रूपए की राशि खर्च की गई है। इसके साथ-साथ 70 साल से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के ईलाज की चिंता भी केन्द्र व प्रदेश सरकार ने की है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रूपए की राशि प्रति माह दी जाती है तथा बहनो को आत्म निर्भर बनाने के लिए 4 प्रतिशत ब्याज की दर पर 5 लाख रूपए का लोन भी दिया जाता है।

## भारतीय दूतावास ने एक बार फिर शेष सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने को कहा

नईदिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहराने के बाद युद्ध की संभावना बन रही है, जिसको लेकर भारत ने अपने नागरिकों के लिए सलाह जारी की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने परामर्श जारी करते हुए देश में शेष सभी भारतीयों से अपील की है कि वो तुरंत मौजूद परिवहन विकल्पों के जरिए ईरान छोड़ दें। इससे पहले भी भारतीय सरकार ने ईरान में रहने वाले भारतीयों को जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा था।


भारतीय दूतावास ने जारी परामर्श में लिखा, भारत सरकार द्वारा 5 जनवरी 2026 को जारी परामर्श को जारी रखते हुए और ईरान में बदलते



हालात को देखते हुए, जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं (स्टूडेंट्स, तीर्थयात्री, बिज़नेस करने वाले लोग और पर्यटक) उन्हें सलाह दी जाती है कि वे वाणिज्यिक उड़ान समेत परिवहन के मौजूद तरीकों से ईरान छोड़ दें। 14 जनवरी की एडवाइजरी में दोहराया गया है कि सभी भारतीय नागरिकों विरोध-प्रदर्शन वाली जगहों पर जाने से बचें।

परामर्श के मुताबिक, भारतीय नागरिकों से निवेदन है कि वे अपनी यात्रा और आव्रजन दस्तावेज, जिसमें पासपोर्ट और पहचानपत्र शामिल हैं, अपने पास रखें। मदद के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें। दूतावास के मोबाइल नंबर +989128109115, +989128109109, +989128109102 और +989932179359 या ईमेल पर मदद मिल जाएगी।

# वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुई नजर आती हैं।

अभिनेत्री दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता हैं कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया हैं। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल-अंग्रेजी फिल्म हिलेरियस गार्ड्स सांगा का भी हिस्सा होंगी।अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है।

आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।

# भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी मिथिला पालकर, बहन के किरदार में आएंगी नजर

भूत बंगला 2026 की उन फिल्मों में से है जिसका दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार है. इसकी सबसे बड़ी वजह है बॉलीवुड की ओजी जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 16 साल बाद हो रही धमाकेदार वापसी. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म ने उन फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्में देख-देखकर बड़े हुए हैं. हर कोई उस सिग्नेचर ह्यूमर और हंसी के जादू को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब है जिसने पिछली कई फिल्मों को यादगार बनाया था.

इस इंतजार को और बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने हाल ही में फिल्म की कास्ट में एक नया नाम जोड़ा है, मिथिला पालकर. अक्षय ने बताया कि मिथिला फिल्म में उनकी बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी. इस फ्रेश कास्टिंग ने कहानी में एक नया एंगल जोड़ दिया है, और अब फैंस बस इस जोड़ी के ऑन-स्क्रीन मैजिक का इंतजार कर रहे हैं.

अक्षय कुमार ने खुद इस बारे में बताते हुए कहा, मिथिला ने अपना सफर इंटरनेट से शुरू किया था और आज वह कई फिल्मों में काम कर रही हैं. और जल्द ही, वह एक ऐसे एक्टर के साथ नजर आएंगी जिसे मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं, गेस कीजिए कौन? मैं खुद! भूत बंगला में मिथिला भूत का नहीं, बल्कि मेरी बहन का किरदार निभाती दिखेंगी.

फैंस भूत बंगला के लिए बेहद एक्साइटेड हैं. यह फिल्म न केवल अक्षय और प्रियदर्शन की ओजी जोड़ी को 16 साल बाद वापस ला रही है, बल्कि यह एक कम्पलीट फैमिली एंटरटेनर होने वाली है. इसमें भरपूर कॉमेडी, मजेदार अफरा-तफरी और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे. दर्शक अक्षय कुमार को उनके पुराने अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग में देखने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं प्रियदर्शन वही पुराना जादू और कहानियों का वो देसी तड़का वापस ला रहे हैं जिसने उनकी पिछली फिल्मों को यादगार बनाया था.

बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे. फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर हैं. तैयार हो जाइए, भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.



## अनिल कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म सूबेदार का धमाकेदार टीजर रिलीज, 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली प्राइम ऑरिजिनल एक्शन-ड्रामा मूवी सूबेदार के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 5 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है। सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म सूबेदार का निर्देशन किया हैं और इसे विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

ओपनिंग इमेज फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के साथ मिलकर तैयार की गई ये फिल्म बेहद दमदार और जज्बातों से भरी एक्शन-ड्रामा है। सूबेदार की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने लिखी है जिसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी अहम किरदार निभाए हैं।

सूबेदार फिल्म में एक रिटायर्ड फौजी, सूबेदार अर्जुन मौर्या की जिंदगी के उतार-चढ़ाव भरे सफ़र को दिखाया गया है, जो आज की बदलती दुनिया में सुकून पाने की तलाश में है, जहाँ उसके उन उसूलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसके सहारे उसने जिंदगी बिताई है। फिल्म में अनिल कपूर ने ज़बरदस्त अभिनय किया है, जो अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं, साथ ही अपने बिखरे हुए परिवार को जोड़ने की कोशिश करते हुए हमेशा सही का साथ देते हैं। भारत का हृदयस्थल में बसी, इस फिल्म में समाज के गिरते स्तर के बीच सम्मान तलाशने की दमदार कहानी को बड़ी संजीदगी से पर्दे पर दिखाया गया है।

प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और ऑरिजिनल्स के हेड, निखिल मधोक ने कहा, सूबेदार एक ज़बरदस्त एक्शन फिल्म होने के साथ-साथ बाप-बेटी की दिल को छू लेने वाली कहानी भी है। इस फिल्म में अनिल कपूर का अभिनय शानदार है, जो एक एक्शन हीरो के तौर पर शुरू से ही दर्शकों का दिल जीत लेंगे।

## श्री विष्णु स्टारर विष्णु विन्यासम का टीज़र जारी, 28 फरवरी को देस्तक देगी फिल्म

मनोरंजन के बादशाह श्री विष्णु एक और मनोरंजक फिल्म लेकर लौट रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म विष्णु विन्यासम से यदुनाथ मारुति राव निर्देशन के क्षेत्र में कदम




रख रहे हैं और यह फिल्म इसी महीने की 28 तारीख को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में श्री विष्णु के साथ नयना सारिका मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमाज बैनर के तहत सुमंत नायडू जी ने किया है। रिलीज नजदीक आने के साथ ही फिल्म निर्माताओं ने एक मनोरंजक टीज़र जारी किया है।विष्णु कुंडली के प्रति जुनूनी है, जबकि उसके पिता धन की पूजा करते हैं। वह छोटे से छोटा निर्णय लेने से पहले वास्तु शास्त्र की जाँच करता है। इस उथल-पुथल के बीच, उसे प्रेम हो जाता है, लेकिन वह लड़की उससे भी कहीं अधिक अप्रत्याशित है। एक पल वह बेहद स्नेहपूर्ण होती है, अगले ही पल वह उससे अपने लिए दूल्हा ढूंढने को कहती है। यह विचित्र परिस्थिति एक नई, अनोखी प्रेम कहानी की पृष्ठभूमि तैयार करती है।टीज़र की शुरुआत हेडफ़ोन का इस्तेमाल करें की चेतावनी और एक मज़ेदार इमोजी के साथ चतुराई से की गई है, जो तुरंत एक मनोरंजक अनुभव का वादा करती है। प्रस्ताव और चुंबन के दृश्य बखूबी दिखाए गए हैं और उनमें युवा हास्य का पुट है।

## शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो ने 50 करोड़ क्लब में ली एंट्री, अस्सी-दो दीवाने शहर में कांटे की टक्कर, बॉर्डर 2 रह गई पीछे

शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म ओ रोमियो को लेकर खबरों में हैं. इस एक्शन ड्रामा में शाहिद कपूर के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं. फिल्म थिएटर में लगी है और 52 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. आइए जानते हैं फिल्म के 9 दिनों के कलेक्शन के बारे में.



सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 3.99 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 3.35 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म के टोटल शोज 2689 थे. फिल्म को 15.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 52.60 करोड़ हो गया है.

दो दीवाने शहर में ने दूसरे दिन 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन और 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 1649 शो मिले हैं. इसी के साथ फिल्म को 13.4 करोड़ की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने पहले दिन1.50 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था. वहीं 1.25 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 3.43 करोड़ का ग्रॉस और 2.85 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया. इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं.

अस्सी की बात करें तो फिल्म ने टोटल 3.12 करोड़ का ग्रॉस और 2.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है. फिल्म ने शनिवार को 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इस फिल्म के शनिवार को 1719 शोज थे. फिल्म में तापसी पन्नू लीड रोल निभा रही हैं. बॉर्डर 2 ने शनिवार को 65 लाख का ग्रॉस और 55 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 520 शोज मिले थे. फिल्म का टोटल कलेक्शन ग्रॉस 388.53 करोड़ और नेट 325.25 करोड़ हो गया है. बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह ने बनाया. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे स्टार्स थे.चौथे शनिवार को फिल्म ने 60 लाख का ग्रॉस कलेक्शन और 50 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 560 शोज मिले. फिल्म को 20.7 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने टोटल 55.88 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 47.05 करोड़ का नेट कलकेक्शन किया. मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं.

# मेगास्टार चिरंजीवी की विश्वम्भरा सबसे ज़्यादा बजट वाली फ़िल्म



विश्वम्भरा चिरंजीवी की सबसे महंगी फिल्म बन गई है, जिसका बजट 250 करोड़ से ज़्यादा है, जिससे यह एक ऐसी रिलीज़ बन गई है जिसका बेसब्री से इंतज़ार था। फिल्म का शुरुआती बजट 150 - 200 करोड़ था, जिसमें अकेले चिरंजीवी का मेहनताना लगभग 75 करोड़ था। बजट में बढ़ोतरी की वजह देरी और बड़े पैमाने पर सीजी रीवर्क है, जो फिल्म के बड़े स्केल और शानदार विज़ुअल्स को दिखाता है।

फिल्म की रिलीज़ डेट अभी ऑफिशियली अनाउंस नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री की चर्चा है कि यह जुलाई में रिलीज़ होगी। बड़े इन्वेस्टमेंट को रिकवर करने के लिए, विश्वम्भरा को अच्छा बिज़नेस करने और बड़ी डिस्ट्रीब्यूशन डील्स करने की ज़रूरत है। आने वाले प्रमोशनल कंटेंट से उम्मीद है कि फिल्म का बड़ा स्केल दिखाया जाएगा, जिससे ऑडियंस इम्प्रेस होगी।

विश्वम्भरा एक सोशियो फैंटेसी ड्रामा फिल्म है जिसे वशिष्ठ ने डायरेक्ट किया है, जिसमें चिरंजीवी, त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ हैं। म्यूजिक एमएम कीरवानी ने दिया है, और सिनेमैटोग्राफी छोटा के नायडू ने की है। फिल्म का वीएफएक्स बजट खबर है कि 75 करोड़ है, जिसमें पोस्ट प्रोडक्शन क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेशनल आर्टिस्ट को लाया गया है।

# रोजाना 5 मिनट का ध्यान जीवन को बनाता है बेहतर, इस तरह करें दिनचर्या में शामिल



ध्यान एक ऐसा अभ्यास है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना केवल 5 मिनट का ध्यान करते हैं तो इससे आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। यह न केवल आपको तनाव मुक्त करता है, बल्कि आपके मन को भी शांत करता है और आपको अधिक केंद्रित रहने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि कैसे 5 मिनट का ध्यान आपके जीवन को बेहतर बना सकता है।

### ध्यान लगाने से करें सुबह की शुरुआत

सुबह का समय सबसे अधिक सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। जब आप सुबह उठते हैं तो आपका मन शांत और ताजगी से भरा होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करना आपके दिन की शुरुआत को बेहतर बना सकता है। यह आपको पूरे दिन ऊर्जा और उत्साह से भर रख सकता है। इसके अलावा यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित और सकारात्मक महसूस करवाता है।

### खाने के दौरान लगाएं ध्यान

खाने का समय भी ध्यान लगाने का एक अच्छा अवसर हो सकता है। जब आप खाना खा रहे हों तो हर निवाले को ध्यानपूर्वक चखें और उसका आनंद लें। इससे न केवल आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि आप अधिक संतुष्ट भी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको अपने भोजन के प्रति जागरूक बनाता है और खाने की आदतों को सुधारने में मदद करता है। इससे आप अधिक संतुलित और सेहतमंद भोजन का अनुभव कर पाएंगे।

### चलने के दौरान लगाएं ध्यान

चलना एक प्राकृतिक गतिविधि है, जिसे हम सभी करते हैं। अगर आप चलते समय 5 मिनट का ध्यान लगाते हैं तो यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित बना सकता है। आप अपने कदमों पर ध्यान दें, सांसों की आवाज सुनें और अपने आस=पास की प्रकृति का आनंद लें। इससे न केवल आपका मन शांत होगा, बल्कि आप अधिक ऊर्जा और उत्साह से भरपूर महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखेगा।

### सोने से पहले लगाएं ध्यान

सोने से पहले का समय भी बहुत अहम होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करने से आपका मन शांत हो सकता है और नींद जल्दी आ सकती है। आप अपने दिनभर के अनुभवों पर विचार करें, सकारात्मक सोचें और नकारात्मक विचारों को दूर करें। इससे आपकी नींद गहरी होगी और आप सुबह ताजगी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक शांति और शारीरिक आराम प्रदान करेगा, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

### काम करने के दौरान लगाएं ध्यान

काम करते समय भी छोटे-छोटे ब्रेक लेकर आप ध्यान लगा सकते हैं। जब भी आपको लगे कि आप थक रहे हैं या आपका ध्यान भटक रहा है, थोड़ी देर रुके, गहरी सांस लें और अपने मन को स्थिर करें। इससे आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आप अधिक केंद्रित रहेंगे। इन सरल तरीकों से आप अपने रोजमर्रा के जीवन में आसानी से ध्यान को शामिल कर सकते हैं और इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

# हर महिला के पास होने चाहिए ये 5 सिल्क स्कार्फ, साधारण आउटफिट को बना देंगे खास

एक अच्छा सिल्क स्कार्फ न केवल आपके लुक को निखारता है, बल्कि इसे पहनने से आप हमेशा स्टाइलिश भी दिखती हैं। यह एक सदाबहार फैशन एक्सेसरी है, जो हर मौसम में आपके कपड़ों को खास बना सकती है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, सिल्क स्कार्फ हर बार एक नया अंदाज देता है। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपके पास किन रंगों वाले सिल्क स्कार्फ होने चाहिए।



### सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ

सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी कपड़े के साथ आसानी से मेल खाता है। यह रंग न केवल साफ-सुथरा दिखता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ताजगी महसूस कर सकती हैं। सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, यह हर बार एक नया अंदाज देता है।

### काले रंग का सिल्क स्कार्फ

काले रंग का सिल्क स्कार्फ एक बेहतरीन विकल्प है, जो हर मौके पर खास लुक देता है। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। काले रंग का सिल्क स्कार्फ आपके व्यक्तित्व को निखारता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराता है। आप इसे पार्टी में जाते समय भी पहन सकती हैं और ऑफिस के कपड़ों पर भी स्टाइल कर सकती हैं।

### लाल रंग का सिल्क स्कार्फ

लाल रंग का सिल्क स्कार्फ हर महिला की अलमारी का हिस्सा होना चाहिए, जो जीवंत लगता है। यह रंग न केवल ध्यान खींचता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ऊर्जा से भरी महसूस कर सकती हैं। लाल रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी मौके पर अच्छा लगता है, फिर चाहे वह शादी समारोह हो या डेट नाइट। आप इसे कुर्ती या साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों के ऊपर भी स्टाइल कर सकती हैं।

### नीले रंग का सिल्क स्कार्फ

नीले रंग का सिल्क स्कार्फ एक नरम और सादा विकल्प है, जो हर मौके पर अच्छा लगेगा। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह आपके व्यक्तित्व को निखारने में योगदान देगा। खास तौर से इस रंग वाला स्कार्फ ऑफिस जाने वाली महिलाओं के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इस रंग के स्कार्फ को आप काले, नीले, ग्रे और सफेद जैसे सदाबहार रंगों वाले कपड़ों के साथ पेयर करें।

### हरे रंग का सिल्क स्कार्फ

हरे रंग का सिल्क स्कार्फ ताजगी और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक हो सकता है। इसे आप चुनिंदा रंगों वाले कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, लेकिन यह आपको एक जीवंत लुक देगा। इस रंग वाला स्कार्फ पारंपरिक परिधानों के ऊपर बहुत अच्छा लगता है, चाहे आप कुर्ती पहन रही हों या सूट। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, हरे रंग का सिल्क स्कार्फ हर बार एक नया अंदाज देता है।

# ट्रंप के 'ट्रेड वॉर' को बड़ा झटका,SC के फैसले के बाद कल से बंद होगी टैरिफ वसूली



वॉशिंगटन (ए.)। डोनाल्ड ट्रंप के जिस रेसिप्रोकल टैरिफ ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर की स्थिति पैदा कर दी थी, उस पर अब आधिकारिक तौर पर रोक लगने जा रही है। बीते शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन शुल्कों को गैरकानूनी करार दिए जाने के बाद एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग (CBP) ने घोषणा की है कि अदालत के फैसले का पालन करते हुए मंगलवार से इन अतिरिक्त शुल्कों की वसूली पूरी तरह से रोक दी जाएगी। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, साल 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (IEEPA) के तहत की जा रही टैरिफ वसूली मंगलवार को बंद कर दी जाएगी। यह रोक अमेरिकी समयानुसार रात 12.01 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे) से प्रभावी होगी। विभाग ने आयातकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनके कार्गो सिस्टम में सभी संबंधित ड्यूटी कोड (Duty Code) तय समय से निष्क्रिय कर दिए जाएंगे।

### ट्रंप के अन्य शुल्कों पर नहीं पड़ेगा असर

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बीते सप्ताह शुक्रवार को आया था, जिसके महज तीन दिन बाद ही प्रशासन ने टैरिफ वसूली पर रोक का ऐलान कर दिया है। हालांकि, यह निलंबन केवल IEEPA के तहत लगाए गए टैरिफ पर ही लागू होगा। डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में धारा 232 (राष्ट्रीय सुरक्षा शक्तियों) और धारा 301 (अनुचित व्यापार कानूनों) के तहत लगाए गए अन्य शुल्कों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने ट्रंप के व्यापार एजेंडे के उस प्रमुख हिस्से पर अचानक ब्रेक लगा दिया है, जिसने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया था और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के साथ विवादों को जन्म दिया था।

### 175 अरब डॉलर की कमाई, अब रिफंड पर फंसा पेंच

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद अब एक नया आर्थिक पेंच फंस गया है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इस ऐतिहासिक फैसले से अमेरिका पर 175 अरब डॉलर से अधिक के टैरिफ राजस्व को वापस करने का दबाव बन सकता है। इन गैरकानूनी करार दिए गए शुल्कों से प्रतिदिन 500 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई हो रही थी। फिलहाल अमेरिकी प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि टैरिफ के रूप में वसूली गई यह भारी-भरकम रकम आयातकों को रिफंड की जाएगी या नहीं।

## मोहम्मद यूनुस ने किसी भी फैसले को लेकर जानकारी नहीं दी, मुझे अंधेरे में रखा

ढाका,(ए.)। बांग्लादेश में आम चुनाव के बाद नई सरकार गठित होते ही राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के जज्बात भी बदल गए हैं। इतने दिनों से मोहम्मद यूनुस की अगुआई में चल रही अंतरिम सरकार पर उन्होंने एक भी सवाल नहीं उठाया। अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होते रहे और भारत के साथ रिश्ते खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब शहाबुद्दीन कह रहे हैं कि मोहम्मद यूनुस ने उन्हें अंधेरे में रखा। बांग्लादेश की मीडिया के मुताबिक राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने कहा कि मोहम्मद यूनुस ने ना तो कभी संस्थानों के बीच समन्वय पर ध्यान दिया और ना ही वह किसी भी फैसले को लेकर उन्हें कोई जानकारी देते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने कहा कि यहां तक कि विदेश दौरे की भी जानकारी उन्हें नहीं होती थी। विदेश नीति से संबंधित कोई भी सूचना राष्ट्रपति तक पहुंचती ही नहीं थी।

## नेपाल में पोखरा से काठमांडू जा रही बस त्रिशुली नदी में गिरी, 18 की मौत



काठमाण्डू (ए.)। नेपाल के धाडिंग जिला में सोमवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां सवारियों से भरी एक बस त्रिशुली नदी में गिर गई, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। हादसा बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगरपालिका में चरौंदी के पास चिनाधारा में तड़के 1:15 बजे हुआ है। धाडिंग जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख शिशिर थापा ने मृतकों की पुष्टि की है। करीब 25 यात्रियों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे के समय बस पोखरा से यात्रियों को लेकर काठमांडू जा रही थी, तभी चालक का बस से नियंत्रण छूट गया और वह लुढ़कते हुए सीधे नदी के पास जा गिरी। घटना की सूचना पर नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल पुलिस और स्थानीय निवासी लोगों ने बचाव अभियान शुरू किया। राजमार्ग बचाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठकुरी ने बताया कि अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य में कठिनाई भी आ रही थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के समय बस में 44 से अधिक लोग सवार थे। मृतकों में 12 पुरुष और 6 महिलाएं है, जिसमें 2 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। दोनों विदेशी किस देश के हैं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हादसे के बाद सामने आए वीडियो और तस्वीरों में बस के परखच्चे दिख रहे हैं। पुलिस का कहना है कि कई घायलों की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

## ट्रंप के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, संदिग्ध ढेर; एक्शन में FBI



वॉशिंगटन (ए.) अमेरिका के राष्ट्रपति Donald Trump के फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो एस्टेट में सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश का मामला सामने आया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नॉर्थ कैरोलिना के 21 वर्षीय युवक को अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोली मार दी। बताया गया है कि संदिग्ध के पास एक शॉटगन और फ्यूल कैन था। घटना स्थानीय समयानुसार तड़के करीब 1:30 बजे हुई, जब उसने पाम बीच स्थित एस्टेट के उत्तरी गेट से अनधिकृत प्रवेश करने की कोशिश की। उस समय एक अन्य वाहन बाहर निकल रहा था।

पाम बीच काउंटी शेरिफ रिक ब्रैडशॉ के अनुसार, संदिग्ध को हथियार नीचे रखने का आदेश दिया गया। उसने गैस कैन नीचे रख दिया, लेकिन शॉटगन को फायरिंग पोजीशन में उठा लिया। इसके बाद एक डिप्टी और दो सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोली चलाई, जिससे वह मौके पर ही मारा गया।

# रूस का बड़ा मिसाइल-ड्रोन हमला: कीव समेत कई शहरों में तबाही, एक पुलिसकर्मी की मौत

नई दिल्ली (ए.)। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और अन्य प्रमुख शहरों पर क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ ड्रोन से व्यापक हमला किया। इस हमले में ओडेसा बंदरगाह, ऊर्जा संयंत्रों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया।

हमलों में लवीव शहर में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने बताया कि कीव के अलावा निप्रो, किरोवोद, मिकोलेव, पोल्टावा, लवीव और सुमी क्षेत्रों को भी निशाना बनाया गया। हमले के कारण बड़ी संख्या में आवासीय इमारतों और रेलवे संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

### 'बातचीत नहीं, हमलों पर जोर'



ज़ेलेंस्की ने आरोप लगाया कि रूस युद्ध को बातचीत के जरिए समाप्त करने के बजाय हमलों के माध्यम से यूक्रेन को अधिक नुकसान पहुंचाने पर ध्यान दे रहा है। उनके अनुसार, इसी सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर 1,300 ड्रोन, 1,400 गाइडेड बम और 96 मिसाइलें दागी हैं। ताजा हमले में 33 मिसाइलें और 274 ड्रोन दागे गए।

### चार वर्षों से जारी संघर्ष

गौरतलब है कि चार वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन जमीनी कब्जों को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। इससे पहले शनिवार को यूक्रेन ने रूस की सीमा के भीतर करीब 1,400 किलोमीटर अंदर तक ड्रोन हमला किया था, जिसमें रूस की एक मिसाइल फैक्ट्री को नुकसान पहुंचा और 11 लोग घायल हुए थे।

## मेक्सिको में ड्रग लॉर्ड एल मेनचो की हत्या के बाद भड़की हिंसा, भारतीयों को सलाह जारी

मेक्सिको सिटी,(ए.)। मेक्सिको में शक्तिशाली ड्रग लॉर्ड नेमेसियो ओसेगुएरा उर्फ एल मेनचो की मेक्सिकन सेना द्वारा हत्या के बाद पूरे देश में हिंसा भड़क गई है। सेना ने एक बयान में बताया कि जालिस्को राज्य के तापल्पा कस्बे में सैनिकों के साथ झड़प में जालिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के 59 वर्षीय नेता एल मेचनो घायल हो गए। मेक्सिको सिटी ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। उन पर 150 लाख डॉलर (करीब 136 करोड़ रुपये) का इनाम था।रिपोर्ट्स के मुताबक, एल मेनचो की मौत के कुछ घंटों के भीतर, उनके समर्थक माने जाने वाले गिरोहों और बंदूकधारियों ने रविवार को पूरे मेक्सिको में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। बंदूकधारियों ने वाहनों और दुकानों में आग लगा दी और कई जगह से लूटपाट की खबरें भी आई हैं। हिंसा अन्य राज्यों में भी फैल गई।

# खेल समाचार

## जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास, टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय बने

नईदिल्ली (आरएनएस)। टी-20 विश्व कप 2026 के 43वें मुकाबले में जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस अहम मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज ने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके साथ ही बुमराह टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



अश्विन ने भारत के लिए 17.25 की औसत से 32 विकेट चटकाए हैं। वहीं, बुमराह के अब 13.36 की औसत से 33 विकेट हो गए हैं। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में 28 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने अश्विन की बराबरी कर ली है और उनके भी इस टूर्नामेंट में 32 विकेट हो गए हैं। इस सूची में चौथे स्थान पर हार्दिक पांड्या हैं। उनके नाम टी-20 विश्व कप में 29 विकेट है।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में (पूर्ण सदस्य देशों के बीच) बोल्ड से सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में बुमराह शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने 44 बल्लेबाजों को बोल्ड किया हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 43 विकेट बोल्ड के जरिए झटके थे।

बुमराह ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2016 में खेला था। उन्होंने अब तक 91 मुकाबले खेले हैं और इसकी 88 पारियों में 18.27 की औसत से 114 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने एक बार भी 4 विकेट हॉल या 5 विकेट हॉल नहीं लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 3/7 का रहा है। टी-20 विश्व कप में इस खिलाड़ी ने 22 मैचों की 22 पारियों में 13.36 की औसत से 33 विकेट चटकाए हैं।

## टी-20 विश्व कप 2026: डेविड मिलर ने भारत के खिलाफ जड़ा तीसरा अर्धशतक, ये बनाए रिकॉर्ड

नईदिल्ली(आरएनएस)। टी-20 विश्व कप 2026 के 43वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 63 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 9वां और भारत के खिलाफ तीसरा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने मात्र 26 गेंदों में पूरा किया। टी-20 विश्व कप में मिलर के बल्ले से निकला यह तीसरा अर्धशतक है। ऐसे में आइए उनकी पारी और रिकॉर्ड्स पर एक नजर डाल लेते हैं।

दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटके लगे और टीम के 3 बल्लेबाज महज 20 रन पर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मिलर ने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 50 गेंदों में 97 रन की अहम साझेदारी हुई। ब्रेविस 45 रन बनाकर आउट हुए। मिलर ने सिर्फ 35 गेंदों का सामना किया और 63 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनकी स्ट्राइक रेट 180 की रही। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने आउट किया।मिलर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 22 पारियों में 38 छक्के लगाए हैं। मिलर के अब 26 पारियों में 39 छक्के हो गए हैं। इस सूची में तीसरे स्थान पर निकोलस पूरन हैं, उन्होंने 20 पारियों में भारत के खिलाफ 20 छक्के लगाए थे। दासुन शनाका 30 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर हैं।मिलर भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 644 रन के साथ जोस बटलर इस सूची में पहले स्थान पर हैं। मिलर के अब 26 पारियों में 626 रन हो गए हैं। इस खिलाड़ी ने पूरन को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने भात के खिलाफ 20 पारियों में 592 रन बनाए थे।

# T20 वर्ल्ड कप में भारत की हार पर मचा बवाल, अक्षर पटेल को बाहर करने पर अश्विन ने उठाए गंभीर सवाल




अहमदाबाद (आरएनएस)। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में भारतीय टीम को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका ने 76 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह पहली हार है, लेकिन हार से ज्यादा चर्चा उप-कप्तान अक्षर पटेल को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने को लेकर हो रही है। उनकी जगह ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को तरजीह दिए जाने के इस फैसले पर अब क्रिकेट जगत में तीखी बहस छिड़ गई है।

### अश्विन ने टीम मैनेजमेंट की रणनीति को घेरा

दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टीम मैनेजमेंट के इस चौंकाने वाले फैसले पर खुलकर अपनी असहमति जताई है। अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान अश्विन ने कहा कि अक्षर पटेल टी20 क्रिकेट में भारत के लिए 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' (MVP) साबित हुए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बार जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम मुश्किल में फंसी थी, तब अक्षर ने ही विराट कोहली के साथ मिलकर शानदार साझेदारी की थी और टीम के स्कोर को 170 के पार पहुंचाया था। अश्विन ने माना कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ वॉशिंगटन सुंदर का इस्तेमाल रणनीतिक रूप से एक विचार हो सकता है, लेकिन अक्षर जैसे अहम और अनुभवी खिलाड़ी के योगदान को पूरी तरह से नजरअंदाज करना समझ से परे है।


### कोच ने किया बचाव, लेकिन मैदान पर फ्लॉप रही चाल

इस पूरे विवाद के बीच भारत के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने टीम के फैसले का बचाव करते हुए अपनी दलील पेश की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पावरप्ले में गेंदबाजी करने और विपक्षी टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए वॉशिंगटन सुंदर को एक अधिक प्रभावी विकल्प माना गया था। हालांकि, मैदान पर यह रणनीति पूरी तरह से विफल साबित हुई। मैच में सुंदर को केवल दो ओवर ही गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 17 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। बल्लेबाजी में भी वह संघर्ष करते नजर आए और मात्र 11 गेंदों में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस फीके प्रदर्शन ने अक्षर को बाहर करने के फैसले पर उठ रहे सवालों को और भी पुख्ता कर दिया है।

## टी20 विश्वकप के सुपरआठ में आज होगा इंग्लैंड और पाकिस्तान का मुकाबला

पल्लेकेली (ए.)। इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीम आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-आठ में मंगलवार को आमने-सामने होंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इंग्लैंड ने अपने पहले मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम का पहला मुकाबला न्यूलीलैंड से बारिश के कारण नहीं हो पाया था। अब तक इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।ऐसे में वह खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कोलंबो की पिच से धीमे गेंदबाजों को सहायता मिलने की उम्मीद है। पहले ही मैच में श्रीलंका पर 51 रनों की जीत से इंग्लैंड का रन रेट भी बेहतर हुआ है और वह ग्रुप में शीर्ष पर है। इंग्लैंड को हालातों का भी लाभ मिले। उसने हाल ही में इसी जगह पर तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेला था। वहीं सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी बेहद कमजोर है, अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम अब तक असफल रहे हैं।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स की जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में हो रही शुरुआत




गुलमर्ग (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में खूबसूरत बर्फ से ढके स्की रिसॉर्ट में चार दिवसीय छठे खेलो इंडिया विंटर गेम्स की शुरुआत सोमवार से हो रही है। उद्घाटन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चार दिन के इस इवेंट को जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की सचिव नुजहत गुल ने आईएएनएस को बताया, 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया है। यह इवेंट बहुत सफल होने वाला है क्योंकि इस बार गुलमर्ग में अच्छी बर्फ है। 4 दिन का यह इवेंट 23 से 26 फरवरी तक हो रहा है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स का पहला लेग 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख के लेह शहर में हुआ था।बर्फ पर होने वाले खेलों का यह दूसरा संस्करण गुलमर्ग में हो रहा है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी छह संस्करण जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हुए हैं। गुलमर्ग में चार मेडल वाली श्रेणियां हैं। इसमें स्की माउंटेनियरिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस कंट्री), और स्नोबोर्डिंग शामिल हैं। अल्पाइन स्कीइंग के लिए सबसे ज्यादा पंजीकरण हुआ है।

# टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 5वां मुकाबला हारी श्रीलंका, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली (ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 के 42वें मुकाबले में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम को 51 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में श्रीलंका के खिलाफ लगातार 5वीं बार जीत दर्ज की। श्रीलंका आखिरी बार साल 2012 में इंग्लैंड को हराने में सफल रही थी। उसके बाद दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी मुकाबलों में इंग्लैंड का दबदबा कायम रहा। आइए मैच के रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फिलिप सॉल्ट ने 62 रन की पारी खेली। उनके अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और इंग्लैंड की टीम 146/9 का स्कोर बना सकी। गेंदबाजी में दुनिथ वेल्लालागे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। जवाब में श्रीलंका की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। पूरी टीम महज 95 रन पर सिमट गई। विल जैक्स ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।




सॉल्ट ने 40 गेंदों का सामना किया और 62 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 155 की रही। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 8वां और श्रीलंकाई टीम के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 36 गेंदों में पूरा किया। यह उनके टी-20 विश्व कप करियर का दूसरा अर्धशतक रहा। उन्होंने 57 मैच खेले हैं, जिसकी 53 पारियों में 36.38 की औसत से 1,710 रन बनाने में सफल रहे हैं।

इंग्लैंड के जैक्स पॉवरप्ले में गेंदबाजी करने आए और उन्होंने श्रीलंका के शीर्षक्रम की कमर तोड़ दी। इस खिलाड़ी ने 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 22 रन खर्च करते हुए 3 विकेट हासिल किए। उनकी इकॉनमी रेट 5.50 की रही। उन्होंने कुसल मेंडिस (4), पवन रत्नायके (0) और वेल्लालागे (10) को अपना शिकार बनाया। इस खिलाड़ी ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 37 मुकाबले खेले हैं और 12 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

इंग्लैंड के अन्य गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया और श्रीलंका को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। जोफ्रा आर्चर ने 3 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट झटके और उनकी इकॉनमी 6.70 की रही। लियाम डॉसन ने सिर्फ 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, उनकी इकॉनमी 6.80 रही। वहीं आदिल राशिद ने 3.4 ओवर में महज 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए और 3.50 की शानदार इकॉनमी दर्ज की। जेमी ओवरटन ने भी 1 विकेट लिया। जैक्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके साथ ही वह इंग्लैंड के लिए टी-20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सबसे अधिक बार यह पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सभी प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड इसी विश्व कप में जीते हैं। उनके अलावा केविन पीटरसन, ल्यूक राइट, राशिद और जोस बटलर भी 3-3 बार यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। मैच में जैक्स के बल्ले से 21 रन भी निकले। इंग्लैंड ने लगातार 12वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका को हराया। पिछले 10 सालों में श्रीलंका इंग्लैंड के खिलाफ एक भी टी-20 मैच जीतने में सफल नहीं हो पाई है। इंग्लैंड ने इस मैच में अपना चौथा सबसे छोटा लक्ष्य भी सफलतापूर्वक डिफेंड किया।

## समाज संगठित होगा तो राष्ट्र सशक्त होगा : नौरिया

डोलरिया। नर्मदापुरम(निप्र)। संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त गत दिवस डोलरिया खंड केंद्र पर प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रुप में नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया एवं नर्मदापुर जिला गौ सेवा प्रमुख पुष्पेंद्र मंचासीन रहे। मुख्य मुख्य नौरिया ने उद्बोधन की शुरुआत में समाज संगठित होगा तो राष्ट्र सशक्त होगा। इसलिए हिन्दू समाज का संगठित होना जरुरी है उन्होंने संगठन मंत्र संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते। हम सब एक साथ चले एक साथ बोले हमारे मन एक हो। प्राचीन समय में देवताओं का ऐसा आचरण रहा इसी कारण वे वंदनीय है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों की पराधीनता के पीछे समाज की आंतरिक कमजोरियाँ भी कारण रही हैं। विविध खान.पान, भाषाएँ और मान्यताओं के बावजूद हम सभी एक हैं।

## नर्मदापुरम पुलिस द्वारा की गई कांबिंग गश्त, कुल 152 फरारी वारंट तामील

नर्मदापुरम (निप्र)। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी अनुभागों अंतर्गत थाना क्षेत्रों में 22 फरवरी को व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त कराई गई। एवं देर रात चले इस अभियान में गुंडा, बदमाशों की भी चेकिंग की गई। देर रात तक चली इस कार्यवाही के दौरान सभी थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों वारंटियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत नर्मदापुरम अनुभाग अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 14 फरारी वारंट एवं देहात पुलिस द्वारा 15 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग इटारसी अंतर्गत थाना इटारसी पुलिस द्वारा 29 फरारी वारंट पथरौटा पुलिस द्वारा 06 फरारी वारंट थाना केसला पुलिस द्वारा 07 फरारी वारंट थाना रामपुर पुलिस द्वारा 02 फरारी वारंट एवं तवानगर पुलिस द्वारा 03 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सिवनी मालवा अंतर्गत थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा 12 फरारी वारंट थाना डोलरिया द्वारा 05 फरारी वारंट एवं थाना शिवपुर पुलिस द्वारा 06 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सोहागपुर अंतर्गत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा 11 फरारी वारंट एवं थाना माखन नगर द्वारा 15 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग पिपरिया अंतर्गत थाना पिपरिया पुलिस द्वारा 12 फरारी वारंट थाना बनखेड़ी पुलिस द्वारा 10 फरारी वारंट थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा 03 फरारी वारंट एवं थाना पचमढ़ी पुलिस द्वारा 02 फरारी वारंट तामील कराए गए । इस प्रकार देर रात चले इस अभियान अंतर्गत कुल 152 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन के निर्देशन एवं सभी अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा पृथक पृथक टीम बनाकर संपूर्ण कार्यवाही की गई ।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम के पदाधिकारियों में बना हुआ विशेष उत्साह

**भक्ति भाव के साथ आज से नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव**

**प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी हुई पूर्ण, विद्वजजन, केबिनेट मंत्री, और जनप्रतिनिधियों को किया आमंत्रित**

**गाजे बाजे के साथ आज भक्ति भाव से मां नर्मदा के तट से निकलेगी कलश यात्रा**





बलराम शर्मा

नर्मदापुरम। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम के पदाधिकारियों में पिछले माह से विशेष उत्साह बना हुआ। आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त का मंदिर बन कर तैयार हो चुका है। मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भक्ति भाव के साथ दो दिवसीय रहेगा। इस अनुष्ठान में विद्वजजन, केबिनेट मंत्री, सांसद विधायक नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद अंतरास्ट्रीय कवि आदि को कार्यक्रम में शामिल होने को आमंत्रित किया गया है। रंगीन रोशनी और पुष्पमालाओं से मंदिर सज चुका है।

**आज भक्ति भाव से निकलेगी कलश यात्रा**

आयोजकों ने बताया कि आज 24 फरवरी को महिलाओं एवं कन्याओं के द्वारा प्रात: 7 बजे से विवेकानंद घाट से पतित पावनी मां नर्मदा के पवित्र जल कलश में भरकर शोभा यात्रा वाद्ययंत्रों के साथ धूमधाम से निकलेगी साथ में सुसज्जित रथ में भगवान श्री चित्रगुप्त विराजमान रहेंगे । नगर भ्रमण उपरांत नवनिर्मित मंदिर कोठीबाजार पहुंचेंगे। इसके उपरांत विद्वान पुजारी, महंत द्वारा विधिवत पूजन, हवन, भजन कार्यक्रम होंगे ।

अनुष्ठान के दूसरे दिन 25 फरवरी को सुबह से पूजन, स्थापना, प्रसादी वितरण, भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा का आयोजन श्रीमति अनुजा श्रीवास्तव के सौजन्य से आयोजित होगा। इस संपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्वान पुजारी, महंत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव नीलू राजधानी भोपाल से प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, भोपाल से वरिष्ठ पत्रकार दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप के प्रधान संपादक कृष्णकांत सक्सेना, ब्यूरो चीफ विलक्षण सक्सेना, डीआईजी प्रशांत खरे पूर्व गृह सचिव ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अंतराष्ट्रीय कवि मुकेश सक्सेना, एवं आस पास के जिले के कायस्थ बंधुओं को शामिल होने को आमंत्रित किया गया है।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने बताया कि समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त के नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। समूचा नर्मदापुरम के कायस्थ समाज ने इस तैयारी में तन मन धन से सहयोग किया है सभी परिवार इस आयोजन के साक्षी बनेंगे।

# संत गाडगे ने अपने जीवन में स्वच्छता शिक्षा और समाज सेवा का दिया था संदेश

**रजक समाज ने धूमधाम से मनाई संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती चलाया स्वच्छता अभियान**



नर्मदापुरम (निप्र)। रजक समाज नर्मदापुरम की एबीडीएम इकाई द्वारा सोमवार को रजक समाज के आराध्य महान समाज.सुधारक एवं स्वच्छता अभियान के प्रणेता संत शिरोमणी गाड़गे बाबा महाराज की 150 वीं जन्मजयंती बधाई धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई गई। संत गाड़गे जयंती के अवसर पर परमहंस घाट स्थित उनकी प्रतिमा पर रजक समाज सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संतश्री की महाआरती की गई और नर्मदा घाट पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी वितरण का यह कार्यक्रम दिनभर चलता रहा। सर्वप्रथम सुबह सबसे पहले सभी सदस्यों ने प्रतिमा स्थल परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस जयंती कार्यक्रम में एबीडीएम कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेश बाथरे ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अनगिनत विद्यालय, धर्मशालाएं और गौशालाएं स्थापित कर मानवता की सच्ची सेवा की। उनका जीवन त्याग तपस्या और लोककल्याण का प्रतीक रहा है। रजक समाज नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने कहा कि भारत के महान संतों में गाडगे बाबा का प्रभाव अत्यंत प्रेरणादायक और युगांतकारी रहा। उन्होंने कभी मंच माला और सम्मान की अपेक्षा नहीं की थी वे कम बोले लेकिन अपने कर्मों से समाज को जगाया। झाड़ू को अपना अस्त्र बनाकर स्वच्छता शिक्षा और समाज सेवा का ऐसा संदेश दिया जो आज भी मार्गदर्शक है। इस अवसर पर रजक समाज के वरिष्ठ बाबूलाल चौहान युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित मालवीय संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान कनौजिया उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिलोटिया, रामगोपाल मालवीय, मुन्नालाल रजक दिनेश मालवीय परसराम पवार दुर्गेश सोनिया राहुल केनेकर मायाराम मालवीय मदनलाल मालवीय लल्लू मालवीय दीपक कन्नौजिया चंचल बाथरे शुभम मालवीय सहित अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## 'भारत बोध' पुस्तक पढ़ना मानो अपने ही भीतर छिपे भारत से मिलना है




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन ने बीए प्रथम वर्ष में इतिहास विषय के अंतर्गत भारत बोध प्रश्न पत्र रखा है। पीएससी में भी एक टॉपिक भारत बोध है। भारत बोध में हमें पढ़ना क्या है परीक्षा में यदि आता है प्रश्न तो इसके उत्तर में हमें क्या लिखना है और भारत बोध के अंतर्गत वह कौन.कौन से बिंदु हैं, जो हमें समझना होंगे जिसकी व्याख्या हमें करनी होगी। बात चाहे एक विद्यार्थी की हो या एक आम पाठक की हो । भारत बोध का तात्पर्य क्या है यदि हम उसकी व्याख्या करें तो भारत बोध से तात्पर्य है भारत को समझना भारत का एहसास करना और भारत को हम कब समझेंगे जब भारत के संदर्भ में भारत के विचारों के साथ अपना जीवन यापन करेंगे। इस पुस्तक में आप उन सभी बिंदुओं को पाएंगे। मध्य प्रदेश शासन द्वारा बीए प्रथम वर्ष के इतिहास पाठ्यक्रम तथा राज्य लोक सेवा आयोग में भारत बोध को सम्मिलित करना केवल एक शैक्षणिक निर्णय नहीं बल्कि बौद्धिक सांस्कृतिक पुनर्स्मरण की प्रक्रिया है।

## पालीवाल ब्राह्मण संघ का कार्यक्रम आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। गत दिवस मध्यप्रदेश पालीवाल ब्राह्मण संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा मध्यप्रदेश स्तर का कार्यक्रम श्री पालीवाल शिवालय गार्डन नर्मदापुरम में नर्मदापुरम विधायक एवं समाज के गौरव सीताशरण शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें समाज के संरक्षक भवानी शंकर शर्मा एवं हमारे वरिष्ठ एवं पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा उपस्थित रहे। इस आयोजन को राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी पालीवाल की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति विमला पालीवाल के नेतृत्व ने सफल बनाया जिसमें अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। पालीवाल युवा संगठन एवं महिला संगठन नर्मदापुरम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़ चढ़ कर सहयोग प्रदान किया। मंदिर को दुल्हिन की तरह तैयार किया गया है।

# एसआईआर 2026: मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संपन्न**



नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले के सभी 1283 मतदान केंद्रों की अंतिम तौर पर प्रकाशित मतदाता सूची की 1-1 मुद्रित प्रति (मतदाताओं के फोटो सहित) प्रदान की गई। साथ ही सभी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची (फोटो रहित) की सॉफ्ट कॉपी (DVD) भी प्रदान की गई।बैठक के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अनोखे लाल राजोरिया एवं धर्मेंद्र तिवारी, आम आदमी पार्टी से राजेंद्र मालवीय, धनीराम गौर एवं सुमेर सिंह प्रजापति, भारतीय जनता पार्टी से मनोहर लाल बड़ानी एवं प्रशांत दीक्षित तथा बहुजन समाजवादी पार्टी से रामबाबू बरौआ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया 21 फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिले की चारों विधानसभाओं के 1283 मतदान केंद्रों पर नियुक्त 1283 बीएलओ, 121 बीएलओ सुपरवाइजर, 4 ईआरओ एवं 12 एईआरओ के माध्यम से संपूर्ण SIR गतिविधियां संपन्न कराई गईं। पुनरीक्षण कार्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए भी सक्रिय रहे, जिनमें INC के 1152 एवं BJP के 1276 बीएलए ने सहभागिता निभाई।

SIR प्रारंभ होने पर 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 9,61,165 मतदाता पंजीकृत थे। प्रथम चरण (गणना चरण) के उपरांत 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में मतदाताओं की संख्या घटकर 9,21,830 रह गई। प्रथम चरण में 39,335 मतदाताओं के नाम Absent/Shifted/Death/Duplicate होने के कारण हटाए गए। द्वितीय चरण (नोटिस, सुनवाई एवं दावा-आपत्ति चरण) में 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की गईं। साथ ही 05 जनवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक Unmapped Electors (11,049) एवं Logical Discrepancies वाले 1,64,140, इस प्रकार कुल 1,75,189 मतदाताओं की सुनवाई जिले में पदस्थ 186 ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा की गई।दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान 15,834 मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 2,302 नाम हटाए गए। नोटिस एवं सुनवाई के दौरान 405 नाम हटाए गए। इस प्रकार द्वितीय चरण में कुल 2,707 नाम हटाए गए। ड्राफ्ट सूची के पश्चात कुल 13,127 मतदाताओं की शुद्ध (नेट) वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें 6,095 पुरुष एवं 7,032 महिला मतदाताओं की वृद्धि शामिल है। सम्पूर्ण SIR प्रक्रिया के दौरान कुल 42,042 नाम हटाए गए तथा 15,834 नाम जोड़े गए। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 9,34,957 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,83,804 पुरुष, 4,51,123 महिला एवं 30 अन्य मतदाता शामिल हैं। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जिले की चारों विधानसभा में फॉर्म 7 के माध्यम से 1407 मतदाताओं के नाम डिलीट हुए, फार्म 8 के माध्यम से 895 मतदाताओं के नाम शिफटेड सूची में डाले गए है।

## नर्मदापुरम बस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**स्टेट कैरिज बसों के संचालन, दमनकारी नीति के खिलाफ 2 मार्च से अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान**

नर्मदापुरम (निप्र )। नर्मदापुरम बस एसोसिएशन के संरक्षक राकेश फौजदार व अध्यक्ष संजय शिवहरे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है किस्टेट कैरिज बसों के संचालन बावत लाई जा रही दमनकारी नीति के खिलाफ 2 मार्च से अनिश्चित कालीन हड़ताल की जाएगी। अध्यक्ष संजय शिवहरे ने बताया कि 22 फरवरी को सागर में प्रदेश के समस्त बस मालिकों तथा संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों



की बैठक में विचार विमर्श के पश्चात यह तय हुआ है कि स्टेज कैरिज बसों के संचालन बावत लाई जा रही नई दमनकारी नीति के कारण प्रदेश के बस मालिक आहत हैं। बस एसोसिएशन की मांग है कि 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में संशोधन का प्रारूप प्रकाशित किया गया है उसे वापस किया गया है। उसे समाप्त किया जाए। 29 जनवरी 2026 को राजपत्रमें किया गया संशोधन प्रकाशित किया गया है। उसे पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ प्रदेश में बस संचालन किया जा रहा है उसे यथावत रखा जाए। बस मालिका के द्वारा ज्ञापन सौपंने के साथ ही यह चेतावनी दी गई है कि हमारी मांगों को नहीं माना जाता हैं तो 2 मार्च से ही अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। पूरे मप्र में बसों का संचालन बंद हो जाएगा। बस मालिका का कहना है कि इस संबंध में अनेक जबावदारों को अपनी मांगों से अवगत कराते आ रहे हैं लेकिन कोई हल नहीं निकलने के कारण मजबूरी में हड़ताल का निर्णय लेना पड़ रहा है।श्री फौजदार ने कहा कि जिस प्रकार की नीति बनाई गई है उससे बसों के संचालन में कठिनाईयां आने के साथ ही बस ड्रायवर, कंडेक्टर सहित बसों के व्यवसाय से जुड़े अनेक लोगों पर सीधा असर पड़ेगा उनके सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो जाएगी

# किसानों को मिलेगी सोलर पम्प की सौगात

**25,26,27 फरवरी को जिले की विभिन्न जनपद पंचायत में आयोजित होंगे शिविर**

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना (पी.एम. कुसुम ब) के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा सुलभ कराने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। नर्मदापुरम म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के द्वारा उक्त योजना अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में 438 किसानों का ऑफ ग्रिड सोलर पम्प प्रदाय करने हेतु चयन किया गया है। इस योजना से किसानों को दिन के समय निर्बाध सिंचाई, कम लागत में खेती तथा पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता का लाभ मिलेगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन के मार्गदर्शन मे जनपद पंचायत पिपरिया में 25 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे पिपरिया, बनखेड़ी एवं सोहागपुर के किसान सम्मिलित होंगे। जनपद पंचायत नर्मदापुरम में 26 फरवरी 2026 को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे तहसील माखन नगर, नर्मदापुरम और इटारसी के आवेदक सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिवनी मालवा अंतर्गत 27 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सिवनी मालवा एवं डोलरिया के किसान बंधु सम्मिलित होंगे। जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी म.प्र.ऊर्जा विकास निगम लि. नरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि शिविर में विभाग एवं विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों के द्वारा (AIF) एग्रीकल्चर इन्फास्ट्रक्चर फंड की प्रक्रिया की जानी हैं एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चयनित आवेदको का (CIF) कस्टमर इन्फॉर्मेशन फाइल तैयार किये जायेगे। इस दौरान पीएम कुसुम योजना बी किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर एक हॉर्स पावर से 7.5 हॉर्स पावर तक सोलर पंप प्रदान किए जाएंगे। जिसमे केंद्र सरकार द्वारा 30 प्रतिशत तक अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत तक अनुदान सम्मिलित है।

## सोहागपुर में उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम (निप्र)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग सोहागपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत्, सोहागपुर विकासखंड में दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों निवारी और नगतरा का संचालन करने में असमर्थता व्यक्त की गई है। इन दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र संस्थाएं विभाग की वेबसाइट https://rationmitra.nic.in पर एम-राशन मित्र पोर्टल के माध्यम से 23 फरवरी 2026 से 04 मार्च 2026 तक आवेदन दर्ज करा सकती हैं।

सफलता की कहानी

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन से बदली बलराम सिंह गुर्जर की किस्मत

**पशुपालन व्यवसाय से प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपये की आय, क्षेत्र के लिए बने प्रेरणास्रोत**



नर्मदापुरम (निप्र)। सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के ग्रामीण अंचलों में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। इस बात को यथार्थ करती कहानी है विकासखंड बनखेड़ी के ग्राम रिछेड़ा निवासी बलराम सिंह गुर्जर पिता हज्जी गुर्जर जिन्हे राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (पशुपालन) के अंतर्गत वर्ष 2008-09 में लाभार्थी के रूप में पंजीकृत किया गया। योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और आज वे आत्मनिर्भर पशुपालक के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

कमज़ोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले श्री गुर्जर प्रारंभ में अन्य किसानों से दूध खरीदकर उसका विक्रय कर अपनी आजीविका चलाते थे। लगभग 15-20 वर्ष पूर्व विभागीय अधिकारियों एवं मित्रों के मार्गदर्शन में उन्होंने स्वयं पशुपालन व्यवसाय प्रारंभ करने का निर्णय लिया। उन्होंने 01 भैंस एवं 01 मुर्रा पाड़ा से अपने व्यवसाय की शुरुआत की। भैंस के दूध तथा मुर्रा पाड़ा की सर्विस से उन्हें नियमित आय होने लगी, जिससे उन्होंने धीरे-धीरे अन्य पशुओं की खरीद की।व्यवसाय के दौरान परिवार पर कठिन समय भी आया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटिंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com